उज्जैन
सोमवार
15
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-222
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



'कुबूल है' फेम एक्ट्रेस सुरभि ज्योति बनीं मां

बेटी को जन्म दिया हिना खान ने कपल को दी बधाई

## फ्रांस के नीस में मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की, साथ में सेल्फी ली



**नई दिल्ली/पेरिस।** फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल रहे। इस दौरान दोनों देशों के बीच 13 बड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में रक्षा, व्यापार, टेक्नोलॉजी, स्पेस और शिक्षा पर बात हुई। दोनों देशों ने अगले 5 वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने के लिए एक हाई-लेवल सिस्टम और इकोनॉमिक सिक्योरिटी डायलॉग की शुरूआत की है।

## टीएमसी के 20 बागी सांसद एनसीपीआई से विलय करेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के 28 सांसदों में से 20 बागी सांसदों का गुट त्रिपुरा की नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी में विलय का ऐलान किया। बागी गुट की नेता काकोली घोष दस्तीदार ने रविवार शाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र सौंपने के बाद इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा- हम पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए के साथ काम करेंगे। बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय और शताब्दी रॉय ने कहा कि उनका गुट पहले ही एनसीपीआई में विलय कर चुका हैं। बिरला से मुलाकात की जो फोटो सामने आई है, उसमें 17 टीएमसी सांसद दिख रहे हैं। स्पीकर से मुलाकात से पहले सांसदों ने बंगाल भाजपा प्रभारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ बैठक की थी।

## ट्रम्प के जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में यूएफसी फाइट, अब तक का सबसे महंगा मुकाबला



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रविवार को व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में यूएफसी मुकाबलों के साथ अपना 80वां जन्मदिन मना रहे हैं। यूएफसी ने इस आयोजन पर करीब 6 करोड़ डॉलर (567 करोड़ भारतीय रुपए) खर्च किए हैं। इस वजह से ये अब तक का सबसे महंगा यूएफसी आयोजन माना जा रहा है। इस फाइट कार्ड में कुल 7 मुकाबले होने हैं। अब तक 5 मुकाबले हो चुके हैं। मेन फाइट लाइटवेट चैंपियन इलिया टोपुरिया और अंतरिम चैंपियन जस्टिन गेथजे के बीच होनी है। मुकाबले देखने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, उनकी सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी, खास मेहमान और हजारों सैन्यकर्मी मौजूद हैं।

## ब्राजील- बंजी जम्पिंग के दौरान रस्सी बांधे बिना फेंका, युवती की मौत

**ब्राजिलिया।** ब्राजील के साओ पाउलो राज्य में बंजी जंपिंग के दौरान एक हादसे में 21 साल की युवती की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कर्मचारियों ने युवती को सेफ्टी रोप लगाए बिना ही पुल से छलांग लगवा दी, जिससे वह 130 फीट से ज्यादा गहराई में जा गिरी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक युवती की पहचान मारिया एडुआर्डा रोड्रिग्स डी फ्रेटास के रूप में हुई है। वह एक निजी कंपनी की ओर से आयोजित बंजी जंपिंग एक्टिविटी में हिस्सा लेने पहुंची थी। यह हादसा स्केलेटन ब्रिज पर हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कर्मचारी युवती को पुल के किनारे लेकर जाते हैं और उसे नीचे छोड़ देते हैं। जैसे ही वह गिरने लगती है, वहां मौजूद लोगों को एहसास होता है कि उसकी सेफ्टी रोप नहीं बंधी है।

## खान इंस्टीट्यूट हमला मामले में ज्ञान बिंदु कोचिंग के संचालक रोशन आनंद को मिली राहत



**पटना।** पटना सिविल कोर्ट से ज्ञान बिंदु कोचिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर रोशन आनंद के लिए राहत की बड़ी खबर है। खान इंस्टीट्यूट पर हुए हमले के मामले में गिरफ्तार होकर जेल गए रोशन आनंद को अदालत ने जमानत दे दी है। इस मामले को लेकर आज पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत के समक्ष दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने रोशन आनंद की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए उन्हें बेल दे दी। चर्चित शिक्षक फैजल खान उर्फ सर के कोचिंग संस्थान के बाहर हुए विवाद और कथित फायरिंग मामले में रोशन आनंद को आरोपी बनाया गया था।

## चीन की एआई कंपनी ने खोली पाकिस्तान की सैन्य गोपनीयता

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की रक्षा तैयारियों और सैन्य गोपनीयता को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। चीन की एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सैटेलाइट इंटेलिजेंस कंपनी ने पाकिस्तान के संवेदनशील सैन्य ठिकानों और नौसैनिक संपत्तियों से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक कंपनी ने उच्च गुणवत्ता वाली उपग्रह तस्वीरों और एआई आधारित विश्लेषण के जरिए पाकिस्तान वायु सेना के महत्वपूर्ण एयरबेस तथा नौसेना के रणनीतिक संसाधनों की पहचान कर उनकी जानकारी वैश्विक स्तर पर उपलब्ध करा दी है।

### अधिकमास के अंतिम दिन सोमवार को महासंयोग में आज सोमवती अमावस्या का स्नान

# रामघाट और सोमकुंड पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़, कुंभ जैसा नजारा

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

अधिकमास के अंतिम दिन सोमवार को सोमवती अमावस्या का दुर्लभ महासंयोग है। इस विशेष अवसर पर उज्जैन में शिप्रा नदी के रामघाट, दत्त अखाड़ा घाट और सोमकुंड पर तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने स्नान, पूजन और तर्पण कर दान-पुण्य किया। अधिकमास के समापन के कारण इस बार सोमवती अमावस्या का धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ गया है। पंडित अमर डिब्बेवाला ने बताया कि इस बार सोमवती अमावस्या पर अमृत सिद्धि योग का विशेष संयोग बना है। सोमवार के दिन अमावस्या, मृगशिरा नक्षत्र और पुरुषोत्तम मास का समापन एक साथ होने से यह दिन बेहद पुण्यदायी माना जा रहा है। इस योग में किए गए धार्मिक कार्यों का फल कई गुना बढ़ जाता है।



### पितरों के निमित्त किए गए तर्पण और श्राद्ध

सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पितरों की शांति के लिए तर्पण और श्राद्ध कर्म किए। मान्यता है कि इस दिन पितरों के निमित्त किए गए दान, तर्पण और धार्मिक कार्यों से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। बड़ी संख्या में लोगों ने शिप्रा तट पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### मंदिरों में भी रही श्रद्धालुओं की भीड़

अधिकमास के अंतिम दिन होने के कारण महाकाल मंदिर सहित शहर के प्रमुख मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। सुबह से ही दर्शन के लिए कतारें लग गई थीं। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की।

### राम मंदिर से क्या 200 करोड़ का चढ़ावा चोरी हुआ

# अब तक 2 करोड़ कैश मिला

## 50 कर्मचारी रडार पर, कई 5 साल में करोड़पति हुए

**ब्रह्मास्त्र ›› अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर के दानपात्रों से चढ़ावे की चोरी ने सबको चौंका दिया है। शुरूआती अनुमानों के मुताबिक, यह चोरी 200 करोड़ रुपए से ज्यादा की हो सकती है। नोटों की गिनती से जुड़े करीब 50 कर्मचारी संदेह के घेरे में हैं। पुलिस और जांच एजेंसियों ने अब तक 5 कर्मचारियों से करीब 2 करोड़ रुपए की नकदी, एक कार और 3 आईफोन बरामद किए हैं।

4 दिन पहले दिल्ली से एक आईपीएस अफसर अयोध्या पहुंचे। उन्हें एक स्पेशल विमान लेकर आया था। वह भी श्रीराम जन्मभूमि परिसर में ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ बातचीत करके रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। वहीं, इसकी जांच के लिए शासन ने एक विशेष जांच समिति का गठन कर दिया है। एसआईटी 15 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।



रामलला के गर्भगृह और दर्शन पथ के पास रखे दानपात्रों से जो भी नकदी निकाली जाती है, उसे राम जन्मभूमि परिसर के अंदर ही बने एक 'गोपनीय कक्ष' में ले जाया जाता है। सुरक्षा कारणों से इस कमरे की सटीक स्थिति को बेहद गुप्त रखा जाता है। इस कमरे में बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होता है।

- चढ़ावे की गिनती के लिए कुल 50 कर्मचारियों की मौजूदगी इस कमरे में रहती थी। ये कर्मचारी 3 तरह के हैं-
- **1. 24 कर्मचारी:** नोट गिनकर उनके बंडल बनाते हैं। ये कर्मचारी प्राइवेट एजेंसी के जरिए ट्रस्ट ने रखे हैं।
- **2. 12 कर्मचारी:** ये ट्रस्ट के हैं, जो इन 24 कर्मचारियों पर नजर रखते हैं। यानी 1 कर्मचारी के हिस्से में निगरानी के लिए 2 कर्मचारी थे।
- **3. 14 कर्मचारी** : इनमें रइकके कर्मचारी और टीसीएस की ऑडिट टीमों के सदस्य होते हैं।
- एजेंसी की तरफ से रखे गए कर्मचारियों में ज्यादातर को हर महीने 14,500 रुपए वेतन मिलता है। ट्रस्ट के साथ जुड़े कर्मचारियों में कुछ ऐसे हैं, जो बिना वेतन सेवा देते हैं।

### महाराष्ट्र में दर्दनाक हादसा

# पंढरपुर में कुएं में गिरी श्रद्धालुओं से भरी पिकअप, 14 लोगों की मौत

**ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई**

महाराष्ट्र में रविवार की देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। सोलापुर के पंढरपुर में श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप कुएं में गिर गई। हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मालशिरस तालुका में बड़ा हादसा हुआ है। म्हास्वड-पंढरपुर रोड पर तंदुलवाड़ी गांव के पास एक पिकअप कुएं में समा गई। इसमें कई श्रद्धालु सवार थे। हादसे में अब तक 14 लोगों की मौत की खबर है। बताया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु पंढरपुर के रांजनी गांव के रहने वाले हैं। सभी लोग भगवान सिद्धनाथ के दर्शन करके अपने घर लौट रहे थे। मृतकों में कई छोटे भी शामिल हैं।

**एनसीपी नेता ने व्यक्त किया शोक-** एनसीपी नेता रोहित पवार ने हादसे पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि म्हसवाड़-पंढरपुर मार्ग (तालुका मालशिरस, जिला सोलापुर) पर एक



पिकअप गाड़ी के कुएं में गिर जाने से 14 लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद, हृदयविदारक और स्तब्ध कर देने वाली है। मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि! हम सभी मृतकों के परिवारों के दुःख में शामिल हैं। इस दुर्घटना के कारणों की जांच के साथ-साथ, सरकारी तंत्र को बचाव कार्यों में तुरंत सहायता प्रदान करनी चाहिए।

## व्हाट्सएप मैसेज से गंवा बैठे 1.21 करोड़ रुपये

**ब्रह्मास्त्र ›› अहमदाबाद**

शेयर बाजार और आईपीओ में मोटे मुनाफे का सपना दिखाकर साइबर ठगों ने अहमदाबाद के एक 71 वर्षीय सेवानिवृत्त फार्मास्युटिकल सलाहकार से 1.21 करोड़ रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने खुद को एक प्रतिष्ठित वित्तीय कंपनी का प्रतिनिधि बताकर पहले बुजुर्ग का भरोसा जीता, फिर उन्हें एक फर्जी निवेश ऐप डाउनलोड करवाया और करीब तीन महीने तक निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये ऐंठते रहे। जब पीड़ित ने अपनी रकम और मुनाफा निकालने की कोशिश की तो पूरे खेल का पदार्फाश हुआ। साइबर अपराध का यह मामला अहमदाबाद के वासना क्षेत्र का है, जहां रहने वाले रिटायर्ड फार्मा सलाहकार को 19 मार्च को एक व्हाट्सएप संदेश मिला। संदेश भेजने वाली महिला ने खुद को एक नामी वित्तीय सेवा कंपनी की प्रतिनिधि बताया और शेयर बाजार में निवेश के जरिए आकर्षक मुनाफा कमाने का प्रस्ताव दिया।

## हेलीकॉप्टर क्रैश में सिंगर ओलिवर ट्री की मौत

### ब्राजील में दो हेलीकॉप्टर टकराए, यूट्यूबर गैस्पी की भी जान गई

**ब्रह्मास्त्र ›› ब्राजील**

सिंगर-सॉन्गराइटर ओलिवर ट्री की ब्राजील में एक हेलीकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई। वह 32 साल के थे। इस हादसे में कुल छह लोगों की जान चली गई।

मृतकों में ओलिवर ट्री, अर्जेंटीना के यूट्यूबर गैस्पर प्रिम (गैस्पी), लुकास विग्नेल, लुकास ब्रिटो चावेस और पायलट एलेक्जेंड्रे सूजा व चार्ल्स मार्सिलैक शामिल थे। हादसे के समय ओलिवर ट्री इंटरनेशनल टूर पर थे। उन्होंने 6 जून को साओ पाउलो में परफॉर्म किया था और 1 जुलाई को लिस्बन में परफॉर्म करने वाले थे। उनके स्पेन, ऑस्ट्रिया, यूनाइटेड स्टेट्स और चीन में भी शो थे। ओलिवर ट्री अपने अल्टरनेटिव, पॉप और इलेक्ट्रॉनिक म्यूजिक के मिक्स के लिए जाने जाते थे। उन्हें लाइफ गोज ऑन और मिस यू जैसे गानों से दुनिया भर में पहचान मिली। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा रविवार को रियो डी जेनेरियो में हुआ, जब दो हेलीकॉप्टर हवा में टकरा गए। टक्कर के बाद दोनों एयरक्राफ्ट क्रैश हो गए और मौके पर आग लग गई।

## मानसून 48 से 72 घंटे में मप्र पहुंचेगा

**ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल**



मानसून अब तक 19 राज्यों में पहुंच चुका है। अगले 48 से 72 घंटे में इसके मध्य प्रदेश में एंट्री की संभावना है। प्रदेश के करीब 30 जिलों में आज आंधी-बारिश का अलर्ट है।

देश के कई राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज 20 से ज्यादा राज्यों में बारिश का अलर्ट है। राजस्थान के 15 जिलों में आज बारिश हो सकती है। रविवार को चित्तौड़गढ़ में 1 इंच बारिश दर्ज की गई।

**यूपी के 32 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट**

उत्तर प्रदेश के 32 जिलों में आज बारिश का अलर्ट है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। 17 से 20 जून के बीच मानसून सोनभद्र और ललितपुर के रास्ते उत्तर प्रदेश में एंट्री कर सकता है।

दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है। सोमवार को हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती है।

बिहार के 19 जिलों में आज बारिश हो सकती है। मानसून की एंट्री के बावजूद गर्मी बनी हुई है। रविवार को शेखपुरा में 40 डिग्री तापमान रहा।

### अमेरिका-ईरान जंग खत्म करने पर राजी

# 19 जून को दस्तखत, होर्मुज फिर खुलेगा

## ट्रम्प बोले- दुनिया के जहाजो इंजन चालू करो, तेल को बहने दो

**ब्रह्मास्त्र ›› तेल अवीव**

अमेरिका और ईरान रविवार को जंग खत्म करने के लिए शांति समझौते पर राजी हो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर लिखा कि ईरान के साथ समझौता अब पूरा हो गया है। वहीं ईरान ने बयान जारी कर कहा कि अमेरिका के साथ कई महीनों तक चली लंबी और मुश्किल बातचीत के बाद दोनों देशों ने एक डील यानी टङ्कव को अंतिम रूप दे दिया है।

ट्रम्प ने कहा कि इस समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोला जाएगा। उन्होंने ईरानी बंदरगाहों पर लगी अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को तुरंत हटाने की मंजूरी दे दी है। ट्रम्प ने अपने पोस्ट में लिखा, ह्यदुनिया के जहाजो, अपने इंजन चालू कर लो। तेल को बहने दो।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि दोनों देश पीस डील पर 19 जून को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में दस्तखत करेंगे। अगर ऐसा होता है तो यह 47 साल में तेहरान और वॉशिंगटन के बीच हाई लेवल की बैठक होगी।



### ईरान ने दस्तखत करने से पहले 3 शर्तें रखीं

- ईरान-अमेरिका के बीच हुए समझौते का पूरा दस्तावेज अभी जारी नहीं किया गया है। हालांकि, ईरानी मीडिया के मुताबिक दोनों देशों के बीच हुए समझौता ज्ञापन में कुछ अहम बातें शामिल हैं।
- इनमें युद्ध और सैन्य कार्रवाई रोकना, होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना, अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी हटाना, ईरान के कुछ फ्रीज्ड फंड जारी करना, परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों पर अगले 60 दिनों की बातचीत का ढांचा तय करना शामिल है।
- ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि एमओयू पर हस्ताक्षर होने के बाद शुरू होने वाली 60 दिन की अमेरिका-ईरान की बातचीत इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिका पहले अपने तीन वादे पूरे करता है या नहीं।
- गरीबाबादी के मुताबिक अमेरिका को तीन कदम उठाने होंगे- 1. नौसैनिक नाकेबंदी खत्म करना, 2. युद्ध और सभी सैन्य कार्रवाइयों को रोकना, 3. ईरान के फ्रीज्ड फंड जारी करना।

## ईरान-अमेरिका में समझौते की खबरों से शेयर मार्केट में तेजी




**ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई**

ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की खबरों से शेयर बाजार में आज यानी 15 जून को बढ़त है। सेंसेक्स 1200 अंक (1.50%) की तेजी के साथ 76,700 पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 350 अंकों (1.53%) की तेजी है, ये 23,985 के स्तर पर आ गया है। ऑटो, बैंक और रियल्टी शेयर्स में सबसे ज्यादा खरीदारी है। होर्मुज स्ट्रेट को भी खोले जाने की खबर के कारण ब्रेंट क्रूड यानी कच्चे तेल के दाम में आज 4% की गिरावट है। ये 83 प्रति बैरल पर आ गया है। इससे पहले शुक्रवार यानी 12 जून को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 1,695 अंक उछलकर 75,527 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 461 अंक की तेजी रही थी, ये 23,622 के स्तर पर बंद हुआ था।



## खबर एक नजर...

### मारुति नंदन उद्यान में रोटरी क्लब ने लगवाई चार स्थाई कुर्सियां

**उज्जैन।** संत कबीर नगर स्थित मारुति नंदन उद्यान में आने वाले नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा चार उच्च गुणवत्ता वाली सीमेंटेड कुर्सियां स्थापित की गई हैं। इससे पार्क में सुबह-शाम टहलने आने वाले वरिष्ठ नागरिकों को बैठने में काफी राहत मिलेगी। क्लब अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे के नेतृत्व में हुए इस कार्य में पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश लंगर, अतुल जैन और पूर्व अध्यक्ष शाहिद हाशमी का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे ने कहा कि उद्यान में बैठने की उचित व्यवस्था न होने से बुजुर्गों को परेशानी होती थी। समाज सेवा के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि प्रकाश लंगर ने बताया कि क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर कुर्सियां लगवाई गई हैं, वहीं पूर्व अध्यक्ष शाहिद हाशमी ने आगे भी जनहित के कार्य जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर उद्यान के कार्यों में सक्रिय रहने वाले कृपाशंकर पांडे, रजत भावसार, प्रमोद झालनी, दिनेश चावड़ा, ओमप्रकाश शर्मा और मनीष मालवीय सहित अन्य नागरिकों का स्वागत किया गया। रजत भावसार ने रोटरी क्लब की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### नए आयकर कानून और रिटर्न फॉर्म के बदलावों पर विशेषज्ञों ने किया मंथन

**उज्जैन।** आयकर अधिनियम के तहत वित्त वर्ष 2025-26 के लिए रिटर्न फॉर्म में हुए महत्वपूर्ण बदलावों और प्रस्तावित नए आयकर कानून को लेकर टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन उज्जैन ने माधव क्लब में सेमिनार आयोजित किया। 13 जून को हुई इस प्रोफेशनल मीट में इंदौर से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक माहेश्वरी ने मुख्य वक्ता के रूप में आयकर संबंधी नए नियमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सीए माहेश्वरी ने केंद्र सरकार द्वारा 1961 के आयकर अधिनियम के स्थान पर लाए जा रहे प्रस्तावित नए आयकर कानून के विभिन्न प्रावधानों पर भी विस्तृत चर्चा की और इसके प्रभावों के बारे में बताया। इससे पूर्व कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ संस्था अध्यक्ष सीए निलेश अग्रवाल ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता पीके दास, सुभाष अग्रवाल, विजय नवलखा और सीए सौरभ सोडानी ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। अतिथि परिचय एवं कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट जेएस चौहान ने किया। अंत में संस्था के स्टडी सर्किल चेयरमैन सीए सौरभ सोडानी ने आभार माना। इस दौरान बड़ी संख्या में शहर के चार्टर्ड अकाउंटेंट और अभिभाषक मौजूद रहे। यह जानकारी सीए संदेश जैन ने दी।

### हरित भविष्य का लिया संकल्प डीपी कॉलेज में रोपे फलदार व औषधीय पौधे

**उज्जैन।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में इंडियन फामेर्सी ग्रेजुएट्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश स्टेट ब्रांच और डीपी कॉलेज ऑफ फामेर्सी, आगर मालवा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ परिसर में आम, अमरूद और बेल सहित विभिन्न फलदार व औषधीय महत्व के पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसोसिएशन के सेंट्रल वाइस प्रेसिडेंट और फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया की एजुकेशन रेगुलेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दीपेंद्र सिंह थे। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पंजाब के अंबाला स्थित जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।

# भाव और तुलसी पत्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं भगवान

## सिंधी कॉलोनी में सिंधु सेना की सप्तदिवसीय भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब, कथावाचक मुकुंदाचार्य जी ने किया






**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

सिंधी कॉलोनी में सिंधु सेना द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमय भागवत कथा में स्थानीय धर्मप्रेमी जनता का विशाल जनसैलाब उमड़ा। आयोजन में कथावाचक मुकुंदाचार्य जी ने सहज और सरल शैली में कथा का वाचन कर श्रद्धालुओं को धर्म लाभ प्रदान किया।

व्यासपीठ से श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुकुंदाचार्य जी ने कहा कि भगवान केवल भाव के भूखे होते हैं। जिस तरह भगवान श्रीकृष्ण अपने सखा सुदामा से प्रसन्न थे, उसी तरह प्रभु भक्तों द्वारा सच्चे मन से अर्पित किए गए फूल और तुलसी पत्र मात्र से ही प्रसन्न हो जाते हैं।

इस संगीतमय आयोजन में मुख्य रूप से सिंधु सेना अध्यक्ष किशोर मुलानी, विनोद मुलानी, महेश परियानी, संतोष लालवानी, जीतेन्द्र कृपलानी, राजकुमार परसवानी, गजेंद्र खत्री, गोपाल बलवानी, लोकेश आडवाणी, कपिल बाशानी, रितेश लालवानी, ललित थावानी, मनोज ठाकुर, राम कुमरावत, राजेश कृष्णानी, अमित सोलंकी और मनोज रोचवानी उपस्थित रहे।

वहीं मातृशक्ति के रूप में भारतीय सिंधु सभा, राष्ट्रीय सिंधी मंच और झूलेलाल महिला मण्डल से माया मुलानी, कामया लालवानी, डिम्पल मुलानी, रौशनी मुलानी, शोभा शर्मा, कान्ता रोचवानी, ज्योति थानी, योगिया रोचवानी और वीना परसवानी सहित बड़ी संख्या में भक्तजनों ने कथा का आनंद प्राप्त किया। आयोजन की सूचना गिरधारी लालवानी द्वारा दी गई।

### लायंस क्लब सुरभि का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, अरुंधति पेंढारकर बनीं अध्यक्ष



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के अंतर्गत लायंस क्लब उज्जैन सुरभि का दायित्व ग्रहण समारोह होटल विक्रमादित्य में आयोजित किया गया। समारोह में शपथ अधिकारी एमजेएफ लायन आर.जी. पाठक ने नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। इसमें अरुंधति पेंढारकर को अध्यक्ष, प्रीति जोशी को सचिव और आरती श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि उपस्थित द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन संजय सक्सेना ने कहा कि सही नेतृत्व वही है जो सभी को साथ लेकर चले। हमें किसी के कहने पर नहीं, बल्कि अपने बुद्धि और विवेक से कार्य करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा करनी चाहिए। नवनियुक्त अध्यक्ष अरुंधति पेंढारकर ने समाज में व्याप्त पारिवारिक समस्याओं, पारिवारिक विघटन और बुजुर्गों के अकेलेपन पर चिंता व्यक्त करते हुए क्लब के माध्यम से इन समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया।

# भस्म आरती पास दलाली: प्रशासक और एडीएम पर एफआईआर की मांग

### युवा कांग्रेस सोमवार को कलेक्टर को सौंपेगी ज्ञापन, 15 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर महाकालेश्वर मंदिर के बाहर आंदोलन की चेतावनी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर में भस्म आरती के वीआईपी और प्रोटोकॉल पास की कथित दलाली के मामले में युवा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। महिदपुर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह डोडिया की अगुवाई में सोमवार दोपहर 12 बजे कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक और एडीएम अतेंद्र गुर्जर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी संपत्तियों की जांच करने की मांग की गई है।

हाल ही में समाचार पत्रों के माध्यम से भस्म आरती प्रवेश पास दो से तीन हजार रुपए या उससे अधिक में बेचे जाने का मामला सामने आया था। इसे लेकर शैलेन्द्रसिंह डोडिया ने आरोप लगाया है कि ऑनलाइन व्यवस्था को छोड़कर प्रतिदिन जारी होने वाले लगभग 500 से 600 प्रोटोकॉल पास का अनुमोदन प्रशासक प्रथम कौशिक और एडीएम अतेंद्र गुर्जर करते हैं। इस पूरे मामले में इन दोनों अधिकारियों की भूमिका की जांच कर इन पर आर्थिक अपराध के तहत भी प्रकरण दर्ज किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में मांग की गई है कि वीआईपी और प्रोटोकॉल कोटे की संपूर्ण जांच किसी स्वतंत्र व निष्पक्ष एजेंसी से करवाई जाए और पास की खरीद-फरोख्त में शामिल एजेंटों व बिचौलियों की पहचान कर उनके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज हो। पास बनाने में किसी जनप्रतिनिधि या प्रभावशाली व्यक्ति के नाम का दुरुपयोग होने पर उसकी भी निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा वीआईपी और प्रोटोकॉल कोटे की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा कर इसे समाप्त या सीमित करने, भस्म आरती पास की पूरी व्यवस्था ऑनलाइन व पारदर्शी बनाने और पास आवंटन की जानकारी सार्वजनिक पोर्टल पर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। युवा कांग्रेस ने पिछले एक वर्ष में जारी किए गए सभी प्रोटोकॉल व विशेष श्रेणी के पासों का ऑडिट कर रिपोर्ट सार्वजनिक करने, अवैध लाभ कमाने वालों के नेटवर्क की आर्थिक जांच करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हेल्पलाइन व निगरानी तंत्र स्थापित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई है।

#### 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिन के भीतर निष्पक्ष जांच शुरू कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की जाती है, तो महाकालेश्वर मंदिर के बाहर लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति के लिए सीधे तौर पर प्रशासन जिम्मेदार होगा।

### इंजीनियरिंग छात्रों की परेशानी दूर कर मुख्यमंत्री ने पेश की संवेदनशीलता की मिसाल

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय का एक अनूठा मामला सामने आया है। बिना किसी पूर्व परिचय या सिफारिश के सर्किट हाउस के बाहर सड़क पर खड़े इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों की परेशानी सुनकर मुख्यमंत्री ने मात्र चंद सेकंड में ही उनकी मदद के निर्देश दे दिए। स्वेच्छानुदान निधि के तहत पीड़ित छात्रों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता उनके बैंक खातों में प्राप्त हो गई है। हॉस्टल में हुई घटना के बाद छात्रों की मानसिक स्थिति काफी खराब थी। परेशान छात्र अपनी गणित फैकल्टी डॉ. तपस्या ठाकुर के साथ मुख्यमंत्री से मिलने सर्किट हाउस के बाहर सड़क पर खड़े थे। मुख्यमंत्री जब वहां से निकले तो उन्होंने रुककर छात्रों की बात सुनी। केवल 5 सेकंड की इस मुलाकात में ही मुख्यमंत्री ने समस्या पर तुरंत संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय से छात्र गोपाल कृष्ण धनगर के पिता टीकाराम धनगर को 50 हजार रुपये का आवेदन स्वीकृत होने का संदेश प्राप्त हुआ। प्रक्रिया पूरी होने के बाद 11 जून 2026 को छात्रों के खातों में राशि जमा हो गई। 15 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 6 से 7 बजे के बीच उज्जैन इंजीनियरिंग कॉलेज के नवीन बालक छात्रावास के कमरा नंबर 19 और 20 से प्रथम वर्ष के छात्र गोपाल कृष्ण धनगर और पारस मणि पटेल के आसुस कंपनी के लैपटॉप चोरी हो गए थे। इसी दौरान प्रथम वर्ष के छात्र अरुण गौर का बैग भी गायब हो गया था।

# राज्याभिषेक प्रसंग के साथ 9 दिवसीय श्रीराम कथा का विश्राम

### महाकाल की नगरी से हुई 12 ज्योतिर्लिंग कथा शृंखला की शुरूआत, समापन पर हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी



**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी में आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा का रविवार को भव्य समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन व्यासपीठ से पूज्य श्री राजनजी महाराज ने सुंदरकांड और भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रसंग श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति में डूब गए और पूरा वातावरण श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

मीडिया प्रभारी शिवम् भार्गव ने बताया कि यह आयोजन 12 ज्योतिर्लिंग कथा शृंखला का प्रथम चरण है, जिसकी शुरूआत भगवान महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की पावन भूमि से की गई है। कथा के दौरान श्री राजनजी महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्म, मयार्दा और भक्ति के विभिन्न प्रसंगों का सुंदर वर्णन कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक संदेश दिया। नौ दिनों तक चले इस आयोजन में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त किया जिससे क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह राममय बना रहा।

कथा स्थल पर भक्तों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता निभाई। रविवार को कथा का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अंत में कार्यक्रम के आयोजक अजीत गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं सेवाभावियों का आभार व्यक्त किया।

### श्रीराम मंदिर ट्रस्ट को भंग कर शहीदों के परिजनों को सौंपें जिम्मेदारी

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने श्रीराम मंदिर ट्रस्ट पर दान और चढ़ावे में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसे तत्काल प्रभाव से भंग करने की मांग की है। महासंघ ने सरकार से आग्रह किया है कि मंदिर निर्माण के लिए अपना बलिदान देने वाले शहीदों के परिजनों को ट्रस्ट में जिम्मेदारी दी जाए और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय सीबीआई जांच कराई जाए। पुजारी महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से समाचार पत्रों के माध्यम से राम मंदिर के चढ़ावे की रकम में हेराफेरी और गबन की खबरें सामने आ रही हैं, जो अत्यंत निंदनीय है। देश की जनता, माताओं-बहनों और भक्तों ने बड़ी श्रद्धा और विश्वास के साथ अपनी जीवनभर की कमाई, सोना, चांदी और आभूषण भगवान को अर्पित किए थे। उन्हें विश्वास था कि दान का सही उपयोग होगा, लेकिन इसके विपरीत भगवान के खजाने में चोरी और भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो लोग भगवान के दान की रक्षा नहीं कर सकते, वे मंदिर की रक्षा कैसे करेंगे।

# किसान ने की निम्न गुणवत्ता वाले बीज की शिकायत, कृषि विभाग ने की जांच

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ आलोट

मानसून दस्तक देने को है ऐसे में किसान आगामी सोयाबीन की फसल की बुवाई के लिए खेत की तैयारी एवं बीज की खरीदी करने में लग गए हैं।

मध्य प्रदेश शासन के तमाम दावों के बाद भी नगर एवं क्षेत्र में कई बीज विक्रेता अमानक बीज विक्रय करने में लगे हुए हैं नगर के जगदेवगंज से लेकर कारगिल चौराहे तक कई दुकानों से बुवाई का बीज बिक रहा है। जिसमें से अधिकांश बीज अमानक स्तर का पाए जाने की खबर है। आलोट क्षेत्र में कुल 12 से 14 बीज कंपनियां कार्यरत है वहीं लगभग 30 से 35 दुकानदार बीज बेचने के लिए अधिकृत है।

वहीं किसानों को अनगिनत दुकानों व गांव में भी अनाधिकृत लोगों द्वारा बुवाई का बी बचा जा रहा है वहीं रजिस्टर्ड फर्टिलाइजर कंपनी का बीज लेने के बाद भी किसान स्वयं को ठगा सा महसूस कर रहा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें किसान ने अग्रवाल फर्टिलाइजर नामक दुकान से सोयाबीन बीज खरीदा जो कि उसे कम गुणवत्ता वाला दिखाई दिया। जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम तालोद के किसान संजय पोरवाल ने जगदेव गंज स्थित अग्रवाल फर्टिलाइजर से नर्मदा एग्रो कंपनी का 30 किलो सोयाबीन बीज का बैग खरीदा किसान ने दुकानदार से पक्का बिल मांगा था जिस पर दुकानदार ने उसे पक्का बिल देने से मना किया वह सादे कागज पर बिल बनाकर दे दिया। जिसकी शिकायत संजय पोरवाल ने कृषि अधिकारियों को दी शिकायत के आधार पर रविवार को वरिष्ठ कृषि विस्तारक अधिकारी नितेश धाकड़ ने रविवार को आलोट पहुंचकर शिकायतकर्ता के यहां बीज की जांच की एवं नमूना लिया तथा अग्रवाल फर्टिलाइजर पर पहुंचकर भी बीज का नमूना एकत्रित कर पंचनामे की कार्रवाई की गई । किसान संजय पोरवाल ने बताया कि उन्होंने अपने यहां कार्यरत जगदीश पिता शंकरलाल को नर्मदा एग्रो कंपनी के जेएस-9560 सोयाबीन बीज खरीदने के लिए भेजा था। जगदीश द्वारा यह बीज अग्रवाल फर्टिलाइजर से खरीदा गया।

# मैदान से जुड़कर ही इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया से बाहर निकलेगा युवा वर्ग

## सार्थक ओलंपिक के सेमीफायनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, तुलसी के पौधे भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन




सामाजिक समरसता और स्वस्थ जीवनशैली के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक 2026 के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं के रोमांच के साथ पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। दूसरे दिन कबड्डी, क्रिकेट, वाटर वॉलीबॉल और महिला फुटबॉल के सेमीफायनल मुकाबले खेले गए। इसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना और उत्कृष्ट टीमवर्क का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

आयोजन में मुख्य अतिथि मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन और उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा थे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। विधायक कालूखेड़ा ने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग इंटरनेट और मोबाइल की दुनिया में अधिक समय व्यतीत कर रहा है। ऐसे में खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को मैदान से जोड़ने, उनकी चुस्ती-फुर्ती और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने का उत्कृष्ट माध्यम हैं। वहीं ओम जैन ने कहा कि खेल शारीरिक व मानसिक विकास के साथ ही समाज में एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में नई ऊर्जा का संचार होता है।

आयोजन के दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण का संदेश विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। संस्था के उपाध्यक्ष निलेश सिंघवी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी टीमों के कप्तानों को तुलसी के पौधे भेंट कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खेलों के साथ प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाते हुए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष अमित कावड़िया, अध्यक्ष राजेश पटनी, सचिव आशीष पीपाड़ा, पूर्व अध्यक्ष व संयोजक हेमंत कासलीवाल तथा संजय सूर्या सहित अनेक पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

वहीं आयोजन समिति की सदस्य कविता कासलीवाल, मोना पीपाड़ा, रश्मि पटनी और प्रिया नांदेचा ने प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के नियमों, तकनीकी बारीकियों एवं स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी दी। अब सभी की निगाहें अंतिम दिन होने वाले फाइनल मुकाबलों और पुरस्कार वितरण समारोह पर टिकी हैं। जानकारी आशीष नांदेचा ने दी।

### 72 घंटे का आद्य शक्ति महायज्ञ, राष्ट्र की समृद्धि की मंगलकामना

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवाकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शहर के बड़ा पुल स्थित कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम में सवा लाख महामृत्युंजय जाप अनुष्ठान का आयोजन किया गया। हिमालय गिरि महाराज के सानिध्य में राजस्थान से आए डॉ. भगवान दास वैष्णव द्वारा कामाख्या आद्य शक्ति यज्ञ के उपरांत यह जाप कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, यशस्वी नेतृत्व और राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए मंगलकामनाएं की गईं। मां कामाख्या पुत्र हिमालय गिरि महाराज ने बताया कि राजस्थान के राजसमंद जिले की भीम तहसील स्थित ग्राम कालागुमान निवासी डॉ. भगवान दास वैष्णव व उनके परिवार द्वारा 72 घंटे से निरंतर चले आ रहे कामाख्या आद्य शक्ति महायज्ञ के उपरांत सवा लाख महामृत्युंजय जाप कर मां कामाख्या का पूजन-अर्चन किया गया। आयोजन के दौरान आश्रम में यज्ञ स्थल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कटआउट से सजाया गया था।

**कोटा ⇌ चौमहला मेमू उज्जैन तक विस्तारित**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक एवं गंतव्य स्टेशन | डब्ल्यू.ई.एफ. यात्रा प्रारंभ (लागू होने की तिथि) | प्रस्थान समय | आगमन समय |
|---|---|---|---|---|
| 61623 | उज्जैन – कोटा | 15.06.2026 | 12:30 बजे (दैनिक) | 19:05 बजे (उसी दिन) |
| 61624 | कोटा – असलावदा – उज्जैन | 15.06.2026 | 05:40 बजे (दैनिक) | 12:00 बजे (उसी दिन) |

ठहराव: नईखेड़ी, असलावदा, पलसोड़ा मकड़वान, उन्हेल, पिपलौदा बागला, भाटीसुडा, नागदा रोहल खुर्द, महिदपुर रोड, लूनी रिछा, विक्रमगढ़ अलोट, थुरिया, तालवली, चौमहला, सुवासरा, शमगढ़, गरौठ, कुरलासी, भवानी मंडी, धुआँखेड़ी, झालावर रोड, रामगंज मंडी, मोरक, कनवालपुरा, दारा, रावतधा रोड, अलनिया, दाददेवी तथा न्यू कोटा स्टेशन दोनों दिशाओं में।

एन रूट स्टेशनों पर समय, ठहराव एवं संरचना (कम्पोज़िशन) संबंधी विस्तृत जानकारी हेतु, कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर विजिट करें।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें और फॉलो करें:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

उज्जैन
सोमवार
15
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

बलं विद्या च विप्राणां राज्ञः सैन्यं बलं तथा।
बलं वित्तं च वैश्यानां शूद्राणां च कनिष्ठता॥

**अर्थः** विद्या ही ब्राह्मणों का बल है। राजा का बल सेना है। वैश्यों का बल धन है तथा सेवा करना शूद्रों का बल है।

## खबर एक नजर...

### महिला से चेन स्नैचिंग का खुलासा, 200 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालकर पुलिस ने पकड़े आरोपी

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना पुलिस ने महिला के गले से सोने की चेन झपटने की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों और उनके एक नाबालिग साथी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीनी गई सोने की चेन, पेंडल और वारदात में इस्तेमाल की गई चोरी की स्कूटी सहित करीब 4 लाख रुपये का माल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, करीब एक सप्ताह पहले वैष्णव कॉलेज के सामने एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली थी। घटना के बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरू की और आसपास लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान आरोपियों की पहचान भागीरथपुरा निवासी 22 वर्षीय अभिराज उर्फ अनुराग सुनहरे और लाल ब्रिज क्षेत्र निवासी अभिषेक विश्वकर्मा के रूप में हुई। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने नाबालिग को घूमाने के बहाने साथ लिया था और फिर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब ढाई लाख रुपये कीमत की सोने की चेन और 50 हजार रुपये कीमत का सोने का पेंडल बरामद किया है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी थाना परदेशीपुरा क्षेत्र से चोरी की गई थी। पुलिस ने स्कूटी भी जब्त कर ली है। वहीं, छीना गया पेंडल खरीदने वाले नंदानगर निवासी शुभम रैकवार को भी गिरफ्तार किया गया है।

### जुए के अड्डे पर क्राइम ब्रांच की रेड, 31 जुआरी पकड़े

**इंदौर।** इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में शनिवार देर रात क्राइम ब्रांच ने जुए के एक अड्डे पर दबिश देकर 31 जुआरियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान करीब डेढ़ लाख रुपए नकद जब्त किए गए। मामला महालक्ष्मी नगर का है, जहां पराग नामक व्यक्ति के मकान में घोड़ी का जुआ संचालित होने की सूचना पर क्राइम ब्रांच ने रात करीब 1 बजे छापा मारा। टीम ने मौके से 31 लोगों को पकड़ा, जबकि मुख्य आरोपी पराग पुलिस टीम के पहुंचने के पहले ही फरार हो गया था। कार्रवाई के बाद क्राइम ब्रांच की टीम सभी आरोपियों को लेकर थाने पहुंची। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

### हिंदू युवती के साथ रह रहा था युवक, हिंदू संगठन के कार्यकर्ता दोनों को थाने ले गए

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में एक युवक के साथ हिंदू युवती के रहने की सूचना पर शनिवार रात हिंदू जागरण मंच और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दोनों को अपने साथ थाने ले जाया गया। कार्यकताओं ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस से चर्चा की। एहतियातन पुलिस ने युवक को रात में थाने में बैठा लिया। मामला कमला नगर क्षेत्र का है। यहां सूफियान उर्फ सैफी अली, निवासी सदर बाजार, एक हिंदू युवती के साथ इकबाल खान के मकान में रह रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर बजरंग दल के राम दागी और हिंदू जागरण मंच के रोहित पटेल कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंचे। इसके बाद युवक सूफियान को लेकर राऊ थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि सूफियान पहले बाणगंगा क्षेत्र में सैलून संचालित करता था। वहीं उसकी युवती से पहचान हुई थी। बाद में वह युवती को साथ लेकर राऊ के श्रमिक क्षेत्र में सैलून चला रहा था और इकबाल खान के मकान में रह रहा था। बताया गया कि मकान मालिक इकबाल ने भी दोनों के बारे में थाने को कोई सूचना नहीं दी थी। हिंदू संगठनों का आरोप है कि युवक के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था, हालांकि उसकी पहचान सामने नहीं आई है।

### इंदौर के 22 जोनों में जनकल्याण कैंप लगेंगे

**इंदौर।** इंदौर के लोगों के लिए काम की खबर है। अब आपको सरकारी योजनाओं का लाभ लेने या अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। मध्य प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार, नगर पालिक निगम इंदौर शहर के सभी 22 जोन ऑफिसों पर तीन दिन का जनकल्याण कैंप लगाने जा रहा है। यह कैंप 16 जून से 18 जून तक लगेंगे। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र लोगों की पहचान कर उन्हें योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और आम जनता की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी निराकरण करना सुनिश्चित करना है। कैंप के माध्यम से केंद्र व राज्य शासन की प्रमुख हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र लेकिन अब तक लाभ से वंचित लोगों को लाभान्वित करने की विशेष पहल की जाएगी।

### इंदौर अभिभाषक संघ चुनावः 25 जून को मतदान

**इंदौर।** इंदौर अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। नामांकन फॉर्म लेने के अंतिम दिन तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष और कार्यकारिणी पदों सहित कुल 55 अधिवक्ताओं ने फॉर्म प्राप्त किए हैं। चुनाव के लिए 25 जून को मतदान होगा और उसी दिन शाम 6 बजे से मतगणना शुरू होकर रात 10 बजे तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। अब 15 जून से नियमित कोर्ट लगेगी। इसके चलते चुनावी सरगर्मी और बढ़ेगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय मेहरा के अनुसार नामांकन पत्र 15, 16 और 17 जून को जमा किए जाएंगे।

---

इंदौर की होटलों में क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर कराते थे मीटिंग

# चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली तक फैला था नेटवर्क

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस एक महिला आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि चंडीगढ़, बेंगलुरु और दिल्ली से जुड़े अन्य आरोपी अभी फरार हैं। जांच में सामने आया है कि गिरोह का नेटवर्क कई राज्यों तक फैला हुआ था और इंदौर की होटलों में सेमिनार व मीटिंग आयोजित कर लोगों को झांसे में लिया जाता था।

डीसीपी राजेश त्रिपाठी के अनुसार, मामले में हरप्रीत कौर उर्फ मोना निवासी विष्णुपुरी कॉलोनी, जसवंत सिंह उर्फ जस्सी निवासी चंडीगढ़, अनिरुद्ध दलवी निवासी बेंगलुरु, मुकेश तायडे और जोसेफ निवासी भोपाल के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है।



आरोपियों पर लोगों को 100 दिनों में रकम दोगुनी करने का लालच देकर निवेश करवाने और बाद में पैसा वापस नहीं करने का आरोप है।

**किटी पार्टी से पहचान, फिर होटल में सेमिनार-** पीड़िता जिया वाधवानी ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान हरप्रीत कौर से किटी पार्टी में हुई थी। हरप्रीत ने खुद को यूएस बेस्ड कंपनी से जुड़ा बताया। इसके बाद उसे भंवरकुआ स्थित होटल सोलारिस में जसवंत सिंह और अनिरुद्ध से मिलवाया गया, जहां पूरा निवेश प्लान समझाया गया। बाद में होटल रेडिसन में बड़ा सेमिनार आयोजित किया गया, जिसमें करीब 200 लोग शामिल हुए। वहां महंगे गिफ्ट और भारी मुनाफे का लालच देकर लोगों से निवेश करवाया गया।

### इन लोगों ने की शिकायत

क्राइम ब्रांच को जिया पति सतीश वाधवानी, गुरजीत, अभिषेक, जसरथ, अमरजीत, हन्नी, साहिल, रोहित, पंकज, हरप्रीत कौर, गुरमीत कौर सहित कई लोगों ने शिकायत दी थी। पीड़ितों ने बताया कि आरोपियों ने क्रिप्टो करेंसी और फॉरेक्स ट्रेडिंग में निवेश पर शुरूआत में 2 प्रतिशत मुनाफा और 100 दिन में रकम दोगुनी करने का दावा किया था। लेकिन बाद में न तो मुनाफा मिला और न ही मूल राशि वापस की गई।

### यूएस बेस्ड कंपनी बनाकर किया फजीर्वाड़ा

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने मिलकर ए स्क्वेयर वर्ल्ड ग्लोबल कंसल्टेंसी नाम से एक कथित यूएस बेस्ड कंपनी बनाई थी। हरप्रीत कौर उर्फ मोना ने अपने और कंपनी के बैंक खातों में निवेशकों से करीब ढाई करोड़ रुपए जमा करवाए थे।

### साइट अपडेट का बहाना बनाकर टालते रहे भुगतान

पीड़ितों के मुताबिक, मार्च 2025 के बाद किसी भी निवेशक को भुगतान नहीं किया गया। जब लोगों ने हरप्रीत कौर से संपर्क किया तो उसने कंपनी की वेबसाइट अपडेट होने का बहाना बनाया और कहा कि जल्द ऑनलाइन पेमेंट कर दिया जाएगा।

अप्रैल में भी इसी तरह टालमटोल की गई। दबाव बढ़ने पर आरोपियों ने झूम एप के जरिए ऑनलाइन मीटिंग की, जिसमें जसवंत और अनिरुद्ध भी जुड़े। उन्होंने जल्द भुगतान का आश्वासन दिया, लेकिन उसके बाद भी किसी को रकम नहीं मिली।

---

गर्भगृह के गेट को चौड़ीकरण के चलते किया कवर, रात में ही किया जा रहा काम

# ट्रांसपेरेंट ग्लास के पीछे खजराना गणेश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर का खजराना गणेश मंदिर लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र है। दूर-दूर से यहां भक्त भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लेने आते हैं। इन दिनों यहां पर गर्भगृह के गेट को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है।

इस काम के चलते भगवान गणेश को स्टील और ग्लास से बने स्ट्रक्चर से कवर किया गया है, ताकि काम के दौरान प्रतिमा पर धूल आदि ना लगे और भगवान की प्रतिमा सुरक्षित भी रहे।

खासबात यह है कि भक्तों को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसलिए पूरा काम रात-रात में ही किया जाएगा।

खजराना गणेश मंदिर के मास्टर प्लान के तहत खजराना गणेश भगवान के गर्भगृह के गेट की चौड़ाई को बढ़ाया जा रहा है। गेट की चौड़ाई बढ़ने से यहां आने वाले भक्तों को दर्शन करने में सुविधा होगी। चौड़ाई बढ़ने से एक साथ कई भक्त भगवान गणेश के सुविधापूर्वक दर्शन कर सकेंगे।

करीब 150 किलो चांदी भी हटाई थी



इस काम को शुरू करने के पहले गर्भगृह के गेट और दीवार पर लगी करीब 150 किलो चांदी को हटाया गया था। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि इस चांदी को ट्रेजरी में जमा किया गया है।

गेट को चौड़ा करने के पहले एसजीएसआईटीएस कॉलेज की टीम ने इसकी जांच की थी और रिपोर्ट तैयार करके दी थी, जांच रिपोर्ट आने के बाद इसका काम शुरू कर दिया गया है। इस काम में संभवतः हफ्तेभर से ज्यादा का समय लगेगा।

### सभा मंडप को भी करेंगे नीचे

- पुजारी भट्ट ने बताया कि गर्भगृह के सामने बने सभामंडप को भी नीचे करने का किया गेट के काम के बाद शुरू किया जाएगा। यहां सभामंडप को करीब दो से ढ़ाई फीट नीचे किया जाएगा, जिससे पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन सुगमता से हो सके।
- अभी सभामंडप में भक्तों की भीड़ होने के कारण पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने में कठिनाई होती है। इसे देखते हुए सभा मंडप को नीचे किया जा रहा है। इसके बाद दर्शन हॉल का काम किया जाएगा। आगामी सिंहस्थ में संभावना है कि यहां भी बड़ी संख्या में भक्त भगवान के दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए भी कई काम यहां किए जा रहे हैं।

---

# इंदौर में बेटे का शव देख मां की सांसें थमीं

## फूट-फूटकर रोई, सिर पर हाथ फेरते ही बेसुध गिरी, दोनों चार जिंदगियों को दे गए रोशनी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के भंडारी मिल मार्ग स्थित श्रीनाथ विहार अपार्टमेंट में रविवार को दिल दहला देने वाली घटना हो गई। 55 वर्षीय राजुल शर्मा की मौत के बाद उनकी 75 वर्षीय मां किरण शर्मा भी कुछ ही मिनटों में चल बसीं। बेटे का शव देखते ही मां सदमे में बेसुध हो गईं और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया। मां-बेटे की मौत से पूरा परिवार टूट गया।

कंप्यूटर डिजाइनर राजुल शर्मा रविवार दोपहर भोजन के बाद अपने कमरे में आराम कर रहे थे। छोटे भाई सुमित ने कई बार फोन किया, लेकिन जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजन घर पहुंचे तो वह बेसुध अवस्था में मिले। उन्हें तुरंत अस्पताल ले



जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस बीच मां किरण शर्मा अपनी बेटी के घर एरोड्रम रोड पर थीं। परिजन उन्हें सदमा न लगे, इसलिए धीरे-धीरे घर लेकर आए। जैसे ही वे लिफ्ट से बाहर निकलीं और फ्लैट में पहुंचकर बेटे का शव देखा, वे फूट-फूटकर रो पड़ीं। बेटे के सिर पर हाथ फेरते ही वे अचानक बेसुध होकर गिर गईं। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भी मृत घोषित कर दिया।

---

# मासूम काशवी की मौत के बाद भी खामोश सिस्टम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में 2 वर्षीय काशवी यादव की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। घटना को दो हफ्ते से अधिक समय बीत चुका है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को मिल चुकी है। बच्ची के माता-पिता के बयान भी दर्ज हो चुके हैं, लेकिन अब तक न तो किसी पर कार्रवाई हुई है और न ही स्वास्थ्य विभाग ने जांच के नतीजे सार्वजनिक किए हैं।

काशवी के माता-पिता निशा और नितिन यादव ने पुलिस को दिए बयान में आरोप लगाया है कि भोलाराम उस्ताद मार्ग स्थित द हेल्थ केयर क्लिनिक में गलत इलाज और लापरवाही के कारण उनकी बेटी की जान गई। परिजनों के अनुसार मामूली उल्टी-दस्त की शिकायत पर बच्ची को क्लिनिक ले जाया गया था, जहां ड्रिप चढ़ाने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी।

आरोप है कि धड़कनें तेज होने के बावजूद डॉ. अनिल घई ने बच्ची को घर भेज दिया। रात में उसके हाथ-पैर और होंठ नीले पड़ने लगे। अगले दिन उसे चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### जांच रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिल चुकी है और माता-पिता सहित प्रमुख लोगों के बयान भी दर्ज हो चुके हैं, तो फिर कार्रवाई किस बात का इंतजार कर रही है? यदि परिजनों के आरोपों में दम नहीं है तो जांच की स्थिति सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही, और यदि लापरवाही के संकेत मिले हैं तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही?

स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। एक मासूम की मौत के बाद निजी क्लिनिक की कार्यप्रणाली, उपचार पद्धति और चिकित्सकीय प्रोटोकॉल की जांच को लेकर कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पीड़ित परिवार में नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है।

परिजन अब न्याय की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उनकी बेटी वापस नहीं आ सकती, लेकिन यदि लापरवाही हुई है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी त्रासदी का सामना न करना पड़े। अगर जल्दी कार्रवाई नहीं हुई तो वे मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत करेंगे।

---

# इंदौर के स्कीम नंबर 136 में जलसंकट

## रहवासियों ने किया विधायक मेंदोला और महापौर का घेराव, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में गर्मी के बीच जलसंकट की समस्या बनी हुई है। कुछ ऐसा ही हाल स्कीम नंबर 136 का है। यहां के रहवासी भी जलसंकट की समस्या से जूझ रहे हैं। रहवासियों के सब्र का बांध भी टूट गया और उन्होंने विधायक रमेश मेंदोला और महापौर पुष्यमित्र भार्गव का घेराव कर दिया और जल समस्या के निराकरण के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही।

रविवार को स्कीम नंबर 136 के रहवासी इकट्ठा हुए और जल समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। इसमें सौ से ज्यादा रहवासी प्रदर्शन में शामिल हुए। विधायक रमेश मेंदोला का घेराव करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पिछले कई महीनों



से पानी का संकट है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण रहवासी परेशान हो गए है।

रहवासियों ने मेंदोला से इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम उठाने की बात कहीं है। रहवासियों का कहना है कि क्षेत्र में नई जलापूर्ति लाइन बिछाने के लिए टेंडर बुलाए जा चुके है, लेकिन आज तारीख तक संबंधित काम का वर्क ऑर्डर जारी नहीं किया गया है।

इतना ही नहीं पूर्व में जो नियमित जलापूर्ति हो रही थी, वह भी अब लगभग पूरी तरह बंद हो चुकी है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### महापौर ऑफिस में की जा चुकी है शिकायत

रहवासियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्रीय पार्षद सीमा संजय चौधरी के बेटे अंकित चौधरी द्वारा शाम 6 बजे के बाद पानी के टैंकर 1 से 2 हजार रुपए राशि लेकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रहवासियों ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के भी मांग की है और कहा है कि क्षेत्र में पानी की कृत्रिम कमी उत्पन्न कर लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। रहवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर महापौर भार्गव के ऑफिस में भी शिकायत कर चुके है। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं की गई और लंबित परियोजना का वर्क ऑर्डर जारी कर काम शुरू नहीं किया गया तो, वे व्यापक जनआंदोलन और उग्र विरोध प्रदर्शन करेंगे।

---

पुलिस कमिश्नर से की शिकायत, कहा- सोसाइटी सचिव और आरक्षक के नाम एफआईआर से हटाए

# इंदौर के गुलमार्ग परिसर हाउसिंग सोसाइटी में मारपीट का मामला

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के कनाड़िया इलाके की बिचौली हप्सी स्थित गुलमार्ग परिसर हाउसिंग सोसाइटी में मेंटेनेंस विवाद के दौरान हुए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित पक्ष ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि सोसाइटी सचिव और पुलिस आरक्षक नारायण जाट सहित मुख्य आरोपियों के नाम प्रभाव के चलते एफआईआर से हटा दिए गए, जबकि शिकायतों के बावजूद अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई। इसके विरोध में महिला ने शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।




महिला ने निगम आयुक्त को आरोपियों द्वारा सोसाइटी के समीप खाली सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मंदिर निर्माण और निजी उपयोग के आरोप लगाएं हैं। वहीं, पीड़ितों ने रविवार को निगम आयुक्त को भी आवेदन दिया है। जिसमें सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप लगाया है।

पीड़ित परिवार ने 9 जून 2026 को ही थाना प्रभारी कनाड़िया को लिखित आवेदन देकर एफआईआर में आरक्षक नारायण जाट और उसके भाई चंद्रेश जाट का नाम सह आरोपी के रूप में जोड़ने की गुहार लगाई।

### पहले जान लीजिए क्या है पूरा मामला

8 जून 2026 की रात 9:30 बजे पीड़ित कार्तिक शर्मा सोसाइटी परिसर में टहल रहे थे। तब समिति के लोकेश जाट ने उन्हें सुनाते हुए ब्लॉक बी-12 के रहवासियों को गालियां दीं। विरोध करने पर लोकेश जाट और चंदू जाट अपनी कार से डंडे निकाल लाए और कार्तिक के सिर व शरीर पर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। सचिन और उसके दो साथियों ने भी मारपीट की और कार्तिक की सोने की चेन लूट ली। जाते-जाते आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से खत्म करने की धमकी दी। वारदात के बाद 9 जून 2026 (रात 02:26 बजे) घायल कार्तिक अपनी मां सुलोचना शर्मा और बहन तनिषा शर्मा के साथ कनाडिया थाने पहुंचा। पुलिस ने (बीएनएस) की धारा 115(2), 296(ए), 3(5), और 351(2) में मामला दर्ज किया। लेकिन आरोप है कि प्रभाववश मुख्य आरोपी कनाड़िया थाने में पदस्थ आरक्षक नारायण जाट का नाम ऋक्रूसे गायब कर दिया गया।

**12 जून को पुलिस कमिश्नर और निगम आयुक्त को शिकायत-** कनाडिया पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने पर कार्तिक की मां सुलोचना शर्मा ने 12 जून 2026 को इंदौर पुलिस कमिश्नर और नगर पालिक निगम आयुक्त शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस कमिश्नर और निगम कमिश्नर को की गई शिकायत में पीड़ित परिवार ने सोसाइटी के वर्तमान पदाधिकारियों दिलीप पंवार (अध्यक्ष), सुंदन सिंह (कोषाध्यक्ष) और नारायण जाट (सचिव) पर कई आरोप लगाए हैं। महिला और उसके परिवार का आरोप है कि सोसाइटी का सचिव नारायण जाट असल में कनाडिया थाने में ही आरक्षक (कांस्टेबल) के पद पर पदस्थ है। वह पिछले एक साल से अपनी शासकीय वर्दी और पद की धौंस दिखाकर सोसाइटी के 216 फ्लैट्स के रहवासियों को डरा-धमका रहा है।

# 17 को महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर निकलेगी शौर्य यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में श्री हिन्दू वीर शिरोमणी श्री महाराणा प्रताप के 486 वें जन्मोत्सव पर भव्य शौर्य यात्रा 17 जून बुधवार को सायं 4 बजे महलवाड़ा परिसर (राजमहल) से निकलेगी । श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति एवं श्री राजपूत समाज द्वारा सर्वप्रथम महलवाड़ा परिसर में राज राजेश्वरी पदमावती माता मंदिर एवं जागनाथ महादेव मंदिर पर 4 बजे पूजा-अर्चना कर माता को चुनरी अर्पण एवं महाआरती कर रतलाम संस्थापक महाराजा श्री रतनसिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राजमहल (महलवाड़ा) परिसर से जय महाराणा, जय भवानी, जय शिवाजी के जयघोष के साथ शौर्य यात्रा प्रारम्भ होगी।

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के नरेंद्र सिंह चौहान बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 16 जून 2026 को प्रातः 8 बजे श्री महाराणा प्रताप चौक (सैलाना बस स्टैंड चौराहा) स्थित हिन्दू वीर शिरोमणी श्री महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर वैदिक मंत्रोच्चार से दुग्धाभिषेक एवं पंचामृत से अभिषेक कर किया जाएगा । इसके पश्चात दिं. 17 जून को सायं 4 बजे बजे महलवाड़ा से शौर्य यात्रा प्रारम्भ होगी।

### इन मार्गो से निकेलेगी भव्य शौर्य यात्रा

भव्य शौर्य यात्रा राजमहल पैलेस रोड़ से प्रारम्भ होकर डालुमोदी बाजार, माणक चौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल,गणेश देवरी, धानमंडी, शहीद चौक से होते हुए श्री महाराणा प्रताप चौक (सैलाना बस स्टैंड चौराहा) पर यात्रा समापन होगी ।

### शौर्य यात्रा में यह रहेंगे आकर्षण का केन्द्र

शौर्य यात्रा में सर्वप्रथम प्रचार रथ, उसके पीछे बुलेट वाहन पर राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज एवं भगवा ध्वज लेकर युवा चलेंगे । इनके पीछे घुड़सवार, बैंड, क्षत्रिय सरदार, ढोल नगाडे, दुर्गा वाहिनी, क्षत्राणियां एवं चार रथ रहेंगे । वहीं करीब 250 से अधिक समिति सदस्यों की टीम शौर्य यात्रा का मोर्चा संभालेगी, जिसमें पार्किंग से लेकर यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी भी रहेगी। शौर्य यात्रा में 300 से अधिक बालिकाएं केसरिया साफा धारण कर सम्मिलित होगी। शौर्य यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा जय महाराणा-जय शिवाजी के जयघोषों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे। शौर्य यात्रा में चार भव्य रथ रहेंगे जिसमें सर्वप्रथम रथ में महाराणा प्रताप का चित्र, दूसरे रथ में महाराजा रतनसिंह का चित्र, तीसरे रथ में शिवाजी महाराज का चित्र एवं चौथे रथ में महाराजा छत्रसाल बुंदेला की चित्र । शौर्य यात्रा में क्षत्रिय - क्षत्राणियाँ अपनी पारंपरिक वेशभूषा में यात्रा में सम्मिलित होगी ।

श्री महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों ने समाजबंधुओं, सामाजिक संगठनों, नगर की जनता से विनती है कि भव्य शौर्य यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर शौर्य यात्रा को सफल बनावें ।

## रंगकर्मी ओमप्रकाश मिश्रा का मालवा विचार मंथन में किया सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

समग्र मालवा द्वारा मनाये जा रहे वैचारिक अनुष्ठान मालवा विचार मंथध के अंतर्गत रतलाम के प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं युग बोध संस्था के संस्थापक ओम प्रकाश मिश्रा का शाल प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया अतिथि समाजसेवी एवं भाजपा नेता चंद्र प्रकाश ओस्तवाल ने कहा कि मालवा विचार मंथन का आयोजन संपूर्ण मालवा क्षेत्र के लिए अनुकरणीय है और इस प्रकार के आयोजन करने से समाज को एक नई दिशा प्राप्त होती है। आपने अटल ग्राम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। आपने मिश्रा के व्यक्तित्व पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न कलाओं को एवं समाज की बुराइयों को मंच पर स्थान प्रदान कर समाज का ध्यान आकर्षित किया है । विशेष अतिथि जल सलाहकार आनंद व्यास ने कहा कि यह प्रसन्नता की विषय की जावरा में लगातार समग्र मालवा द्वारा तीसरे वर्ष विचार मंथन का आयोजन किया जा रहा है ।

## आईएमए,चिकित्सकों, मेडिकल छात्रों व आमजन ने किया 54 यूनिट रक्तदान

**नीमच।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (ढ्ढरू) नीमच द्वारा आयोजित 15 दिवसीय डॉक्टर्स डे सेलिब्रेशन सीरीज का शुभारंभ रविवा चोरड़िया हॉस्पिटल स्थित डी-लाइफ ब्लड बैंक में आयोजित शिविर में चिकित्सकों, मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कुल ५४ यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन ढ्ढरू नीमच शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष चमड़िया के नेतृत्व में किया गया। रक्तदान अभियान में डॉक्टरों ने स्वयं रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर में डॉ. मनीष चमड़िया, डॉ. योगेन्द्र धाकड़, डॉ. नितेश शर्मा, डॉ. नितिन जैन, डॉ. अर्नव चंदेल, डॉ. अंकित माहेश्वरी एवं डॉ. आशीष देवधर सहित कई चिकित्सकों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में मेडिकल कॉलेज नीमच के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सम्राट गोयल, मलय काले, मेहुल कोड़िया और संस्कार सिंह राजपूत सहित कई मेडिकल छात्रों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसके अलावा शहर के अनेक नागरिकों ने भी रक्तदान कर कार्यक्रम में सहभागीता निभाई। इस मौके ढ्ढरू नीमच शाखा के सचिव डॉ. आदित्य भंडारी, डी-लाइफ ब्लड बैंक के संचालक डॉ. मनीष छाबड़ा आदि भी मौजूद थे। शिविर के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 238 किलो अफीम तस्करी मामले में बड़ा फैसला- तीन तस्करों को 17 साल की सजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) नीमच द्वारा पकड़ी गई 238.619 किलोग्राम अफीम तस्करी के बहुचर्चित मामले में एनडीपीएस विशेष न्यायालय नीमच ने शनिवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया।विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन ने बताया कि

विशेष न्यायाधीश जितेंद्र कुमार बाजोलिया ने आरोपी सुखराम माचरा, जगदीश सियाग और हेतराम विश्नोई को 17-17 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 2-2 लाख रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जुमार्ना नहीं भरने पर प्रत्येक को अतिरिक्त एक वर्ष का सश्रम कारावास भुगतना होगा। सीबीएन को 14 नवंबर 2022 को गुप्त सूचना मिली थी कि राजस्थान के कुछ तस्कर मणिपुर क्षेत्र से भारी मात्रा में अफीम लेकर ट्रेलरों के माध्यम से जोधपुर की ओर जा रहे हैं। सूचना में यह भी बताया गया था कि तस्करी गिरोह का संचालन राजस्थान पुलिस के तत्कालीन सहायक उपनिरीक्षक मोहनलाल भादू के संरक्षण में किया जा रहा है। सूचना के आधार पर सीबीएन की टीम जयपुर-आगरा हाईवे स्थित राजाधौक टोल प्लाजा पहुंची, जहां ट्रेलर को रोका गया। वाहन में मांगीलाल, सुखराम और जगदीश सवार थे।

जांच के दौरान आरोपियों ने स्वीकार किया कि ट्रेलर में अफीम छिपाकर रखी गई है। टीम ट्रेलर को लेकर नीमच आ रही थी, तभी रास्ते में चालक सुखराम ने कथित रूप से भागने की नीयत से सीबीएन की सरकारी स्कॉर्पियो को पीछे से दो बार जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रेलर को हाईवे किनारे खड़ी हार्वेस्टर मशीन से भिड़ा दिया गया। दुर्घटना में सरकारी वाहन और ट्रेलर दोनों क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन सीबीएन टीम ने आरोपियों को काबू में रखा और वाहन को नीमच लाया।

नीमच कार्यालय में तलाशी के दौरान ट्रेलर के टूल बॉक्स और विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैंबर से कुल ९५ पैकेट बरामद हुए। जांच में इनमें से 102.910 किलोग्राम अफीम एक ट्रेलर से तथा बाद की कार्रवाई में अन्य ट्रेलरों से 135.709 किलोग्राम अफीम जब्त हुई। कुल बरामदगी 238.619 किलोग्राम अफीम रही, जो एनडीपीएस एक्ट के तहत वाणिज्यिक मात्रा से कई गुना अधिक है।

विशेष न्यायालय ने माना कि आरोपी सुखराम, जगदीश और हेतराम का अफीम के परिवहन और अवैध कब्जे में सीधा संबंध साबित हुआ है। न्यायालय ने यह भी माना कि हेतराम ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र और दुष्प्रेरण में भूमिका निभाई। सजा पर बहस के दौरान बचाव पक्ष ने आरोपियों की पारिवारिक परिस्थितियों, वृद्ध माता-पिता और पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने का हवाला देते हुए न्यूनतम सजा की मांग की। वहीं विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन ने तर्क दिया कि जब्त अफीम में लगभग 16 प्रतिशत मॉर्फिन पाई गई है, जिससे करीब 24 किलोग्राम हेरोइन तैयार की जा सकती है।

## सेवानिवृत्त श्री सोमदेव शर्मा का निधन

**नीमच।** नीमच के प्रतिष्ठित और सेवानिवृत्त अध्यापक श्री सोमदेव जी शर्मा का 12 जून को देवलोकगमन हो गया । वे स्वर्गीय कन्हैया लाल जी शर्मा के दामाद, अरुणदेव शर्मा के काका जी और देवांश एवं गौरांग के दादाजी थे। उनके निधन से शिक्षा जगत और स्थानीय समाज में शोक व्याप्त हो गया। वे तन्मय शर्मा (जिला शिक्षा कार्यालय), कपिलदेव शर्मा, विश्वदेव शर्मा (बबलू – अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, पीजी कॉलेज नीमच) एवं समस्त शर्मा परिवार (उज्जैन) द्वारा रविवार को आयोजित शोक सभा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज, शिक्षक गण, राजनीतिक क्षेत्र से क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार सहित नगर पालिका पार्षद गण, पत्रकार आदि ने भी उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में 9 चिकित्सकों की हुई पदस्थापना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय के प्रयासों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरन्तर सफलता मिलती जा रही है।इन्ही प्रयासों के चलते विधानसभा क्षेत्र में 9 चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है।इस सौगात से क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष व्याप्त है।

सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया, सीबीएमओ डा शंकरलाल खराड़ी, डा पवन पाटीदार सीबीएमओ पिपलौदा, प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा क्षेत्र में हॉल ही में स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा जारी डाक्टरों की नियुक्ति आदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव, स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय की अनुशंसा पर 9 चिकित्सको के नियुक्ति आदेश जारी किये

विधायक डॉ राजेंद्र पांडेय लंबे समय से चिकित्सको की पद स्थापना के लिए प्रयत्नशील होकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निरंतर सम्पर्क में थे। उसी के परिणाम स्वरूप 9 चिकित्सको की नियुक्ति आदेश विधानसभा में हुए। विधायक डॉ पांडेय स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील रहकर निरंतर स्वास्थ्य सेवाओ के विस्तार के लिए प्राथमिकता से प्रयास कर रहे है।

इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप पिपलौदा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सिविल हॉस्पिटल उन्नयन, रिंगनोद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,जावरा में ब्लाक मेडिकल यूनिट के अलावा डेढ़ दर्जन उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन निर्माण की स्वीकृति मिल पाई। विधायक डॉ पांडेय ने स्वास्थ्य क्षेत्र को सदैव प्राथमिकता दी है। विधानसभा क्षेत्र के चिकित्सालयो में रिक्त पदों की पूर्ति के लिए लंबे समय समय से प्रयास किये जा रहे है।

उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विधायक डॉ पांडेय को चिकित्सको की पदपूर्ति के लिए आश्वस्त किया था।उसी अनुसार लोक स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी पदस्थापना सूची में विधानसभा क्षेत्र को 9 चिकित्सक की नियुक्ति की गई।जिसमें पिपलौदा सिविल हॉस्पिटल में डा राज खराड़ी, डा सोनिया डामोर, डा मनीष परमार, डा मयंक सिसोदिया, जावरा सिविल हॉस्पिटल में डा भूमिका शर्मा,, ढोढर में डा शीतल चौहान, सुखेडा में डा वर्षा जाट, कालूखेड़ा में डा वीरेंद्र डोडियार, एवं पंचेवा में डा आर्या नीमा की नियुक्ति हुई है। विधायक डा पांडेय के प्रयासों से चिकित्सको की नियुक्तियों से आमजन में हर्ष व्याप्त है।

## श्री जगदीश मन्दिर जीवागंज में 56 भोग महोत्सव

**मन्दसौर।** पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में जीवागंज स्थित श्री जगदीश मंदिर में मंदिर ट्रस्ट एवं गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज जनकूपुरा पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में भव्य 56 भोग महोत्सव का आयोजन किया गया। सायंकाल मन्दिर चौक में 56 भोग सामग्री का नैवेद्य लगाने के बाद महाआरती की गई। इस पावन अवसर पर भगवान जगदीश का अद्भुत श्रृंगार किया गया था, जिसके दर्शन के लिए रात्रि 11 बजे तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस महोत्सव में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जिससे जीवागंज में किसी बड़े तीर्थ जैसा वातावरण निर्मित हो गया। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए महिला और पुरुषों के लिए अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में ट्रस्ट अध्यक्ष पं. कुबेरकांत त्रिपाठी और समाज अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध जनों ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान कीं।




## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा का सघन जनसम्पर्क व संवाद कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को खानपुरा क्षेत्र में भाजपा दक्षिण मण्डल द्वारा जनसम्पर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता यशपालसिंह सिसौदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और मण्डल अध्यक्ष विनोद डगवार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने वार्ड क्र. 30, 31 व 32 के विभिन्न मोहल्लों का भ्रमण किया।

इस दौरान नेताओं ने केंद्र व प्रदेश की मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और केंद्र सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। भ्रमण के दौरान नागरिकों ने भू-अधिकार पत्र (पट्टे) न बनने जैसी जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया, जिस पर राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र पट्टे दिलाने का आश्वासन दिया।

इस कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना, शिवराजसिंह राणा घटावदा, जिला उपाध्यक्ष सुनील जैन महाबली, विनय दुबेला, गौरव अग्रवाल, जिला मंत्री रानू भावसार, भाजपा मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, धर्मेन्द्र जटिया, पार्षदगण माया भावसार, युसुफ गौरी, श्रीमती भावना जयप्रकाश पमनानी, विक्रम भैरवे, राकेश भावसार, राजेश सोनी ऐरावाला सहित बड़ी संख्या में पार्षद और संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए।

## छात्रावासों में शतप्रतिशत सीटो पर प्रवेश सुनिश्चित करें-श्री मालवीय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

12 जून म.प्र.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय ने नीमच के सर्किट हाउस में शुक्रवार को आयोजित अधिकारियों की बैठक में अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, सहायक संचालक जनसंपर्क श्री जगदीश मालवीय, अ.जा.क.थाना प्रभारी सुश्री शब्बी मेव, अ.जा.कल्याण क्षेत्र संयोजक श्री प्रियतम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में आयोग के सदस्य श्री रामलाल मालवीय ने जिले में संचालित अ.जा. छात्रावासों में निर्धारित सीट, विद्यार्थियों का प्रवेश एवं रिक्त सीटों की जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए, कि इस सत्र में सभी छात्रावासों में निर्धारित सभी सीटों पर प्रवेश दिलाया जाए। उन्होने आ.जा.क.वि.के अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे शालाओं और घर-घर सम्पर्क अभियान चलाकर छात्रावासों की सभी सीटो पर विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित करें। आयोग के सदस्य ने अ.जा.अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत तहत दर्ज प्रकरणों की संख्या और उन पर की गई कार्यवाही, राहत स्वीकृति आदि की भी जानकारी ली। आयोग के सदस्य श्री मालवीय ने कहा, कि अ.जा.वर्ग के विद्यार्थियों की आधार लिंकेज, अपडेशन आदि कारणों से लंबित छात्रवृत्ति का त्वरित भुगतान करवाया जाए।बैठक में बताया गया, कि जिले में अ.जा.अत्याचार निवारण राहत योजना के तहत वर्ष २०२६ में ८७ प्रकरणों में ५६.२१ लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। राहत स्वीकृति का काई भी प्रकरण लंबित नहीं है।उन्होने बडवाह के एक आवेदक आशाराम वर्मा की शिकायत के प्रकरण में एक माह में जांच पूरी कर आयोग को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

### मंदसौर जिले की बहनों के खातों में अंतरित किए 39 करोड़ रुपये

**मंदसौर।** मध्यप्रदेश की महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए संचालित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 37वीं किश्त जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से माह जून 2026 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया।

## नटराजन का नामांकन निरस्त करने पर युवा कांग्रेस ने डिगांव चौपाटी पर किये तीन पुतले दहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुश्री मीनाक्षी नटराजन का राज्यसभा नामांकन निरस्त किए जाने के विरोध में धुंधडका ब्लॉक की डिगांव चौपाटी पर युवा कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री एवं चुनाव आयोग का पुतला दहन किया गया। इस प्रदर्शन में मल्हारगढ़ विधानसभा प्रत्याशी परशुराम सिसोदिया ने कहा कि नामांकन निरस्त करना लोकतंत्र के चेहरे पर तमाचा और विपक्ष की आवाज को दबाने की सोची-समझी साजिश है। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल और युवा कांग्रेस नेता सोमिल नाहटा ने भी केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जनता के सच्चे प्रतिनिधियों से डर गई है। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप दास बैरागी एवं जिला महासचिव जीवन चौहान, धुंधडका ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश धाकड़, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल विश्वकर्मा, किशोर गोयल, मल्हारगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष विजेश मालेचा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनोद पटेल, युवा कांग्रेस मल्हारगढ़ विधानसभा उपाध्यक्ष राहुल अहीर, युवा कांग्रेस धुंधडका ब्लॉक अध्यक्ष संदीप दास बैरागी, शहर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सम्यक जैन, युवा कांग्रेस जिला महासचिव जीवन चौहान, मंडलम अध्यक्ष गजराज सिंह, गणेशाराम, परमानंद पाटीदार, पप्पू गुर्जर, नरेंद्र आंजना, संदीप धनगर, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बाल कटिंग करवा रहे युवक पर दिनदहाड़े चाकू से हमला

नीमच। शहर के कैंट थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े युवक पर चाकू से हमले की घटना से सनसनी फैल गई। एक सैलून में बाल कटवाने गए 24 दर्षीय युवक मोहसिन पर दूसरे युदक ने अचानक चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवक के पैर में दो गहरे घाव हुए हैं। घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां उसका उपचार जाती है । जानकारी के अनुसार, स्कीन नंबर-9 अचानक चाकू निकालकर मोहसिन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान चाकू मोहसिन के पैर में लगा, जिससे उसके पैर में दो गहरे घाव हो गए और वह लहूलुहान होकर गया। घटना के बाद आरोपी समीर व साथी मौके से फरार हो गया।

## खबर एक नजर...



### शिवना शुद्धिकरण अभियान में 101 बालिकाओं ने किया श्रमदान

मंदसौर। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चल रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 129वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने पूरे उत्साह के साथ शिवना नदी की स्वच्छता में योगदान दिया। अभियान के मीडिया प्रभारी श्री राजनारायण लाड़ ने बताया कि छोटी पुलिया के दोनों ओर स्थित घाटों की साफ-सफाई कर नदी से लगभग एक ट्रॉली गाद एवं कचरा निकाला गया। इस बार अभियान में विशेष रूप से गायत्री परिवार के कन्या कौशल शिविर की 101 बालिकाओं ने सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में दर्शन के लिए आए श्रद्धालुओं ने भी इस स्वच्छता अभियान की सराहना की।लाड़ ने समस्त मंदसौर वासियों से प्रति रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच इस अभियान में जुड़ने का आह्वान किया है। इस दौरान गायत्री परिवार से योगेश सिंह, बापूलाल पाटीदार पवन गुप्ता,कैलाश पटेल,निशा धनोतिया, हेमराज खाबिया,रमेश सोनी, बालकृष्ण दवे, राकेश जैन सहित अनेक कांग्रेसजन, महिला नेत्रियाँ और समाजसेवी उपस्थित रहे।

### लदूसा नरेश सांवलिया सेठ मंदिर के दानपात्र से निकले 10 लाख रुपये

मंदसौर। मालवा क्षेत्र की अगाध आस्था के केंद्र प्रसिद्ध भगवान लक्ष्मीनारायण (सांवलिया सेठ) मंदिर (लदूसा नरेश) में रविवार को मंदिर समिति और ग्रामीणों की मौजूदगी में दानपात्र खोला गया, जिसमें कुल 10 लाख 251 रुपये की राशि प्राप्त हुई।मंदिर समिति के ट्रस्टी महेश व्यास ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर में 4 हजार वर्ग फीट क्षेत्र पर आधुनिक डोम का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे भक्तों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी। इसके साथ ही दूर-दराज से आने वाले यात्रियों के ठहरने के लिए मंदिर समिति ने सीधे सांवलिया सेठ के नाम पर 34 लाख रुपये की अनुमानित लागत से 2 बीघा से अधिक कृषि भूमि क्रय की है, जहाँ भविष्य में सर्वसुविधायुक्त भव्य धर्मशाला का निर्माण किया जाएगा।इस अवसर पर मंदिर के पुजारी भगवान दास बैरागी और समिति अध्यक्ष रामेश्वर पपोण्डिया सहित कई ट्रस्टी उपस्थित थे। वहीं आज 15 जून, सोमवार अमावस्या के पावन अवसर पर सायं 8 बजे महाआरती और महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

### सेवानिवृत्त होकर लौटे सीआरपीएफ इंस्पेक्टर हरिप्रसाद का हुआ अभिनंदन



मंदसौर। ग्राम नयाखेड़ा निवासी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जांबाज सैनिक इंस्पेक्टर श्री हरि प्रसाद जी के 32 वर्षों की गौरवशाली राष्ट्रसेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर गृह क्षेत्र लौटने पर भव्य सैनिक स्वागत और नगर अभिनंदन रैली का आयोजन किया गया। दशपुर नगरी में संचालित सैनिक सम्मान अभियान के अंतर्गत 789वें सैनिक के रूप में उनका साफा, पुष्पमाला और श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। यह रैली भारत माता चौराहा से प्रारंभ होकर विभिन्न चौराहों से गुजरती हुई ग्राम नयाखेड़ा पहुंची, जहाँ मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर देशप्रेम का परिचय दिया। इसी कार्यक्रम में भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत हाल ही में अग्निवीर के रूप में चयनित युवा प्रिंस सोलंकी का भी विशेष सम्मान किया गया। वक्ताओं ने अग्निवीर योजना की सराहना करते हुए इसे युवाओं में अनुशासन और राष्ट्रभक्ति जगाने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।अभियान के संयोजक विनय दुबेला और अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगी सामाजिक व धार्मिक संगठनों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### श्रीमती चोपड़ा ने किया इको शीतल प्रतीक्षालय का निरीक्षण

**नीमच।** नपा अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा व मुख्य नगरपालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया के मार्गदर्शन में नवाचार करते हुए प्राइवेट बस स्टैंड स्थित दीनदयाल रसोई योजना परिसर भोजन करने वाले हितग्राहियों को गर्मी से बचाने के लिए इको फ्रेंडली शीतल प्रतीक्षालय का रूप प्रदान किया गया है। नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने उक्त इको फ्रेंडली शीतल प्रतीक्षालय का निरीक्षण निरीक्षण किया और वहां आने वाले हितग्राहियों के लिए और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी व व्यवस्थापकों को प्रदान किये। इस दौरान नपाध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने लोक कल्याण मेला अंतर्गत प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में 10 से 25 हजार ऋण के पश्चात तृतीय चरण में 50 हजार का ऋण पूरा कर चुके हितग्राहियों हेतु प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ की गई स्वनिधि 2.0 अंतर्गत दो हितग्राहियों ओम प्रकाश व पंकज कुमार को निशुल्क स्वनिधि क्रेडिट कार्ड का वितरण कर उनके अनुभव सुने जिसमें उन हितग्राहियों ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से हम अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने मैं सफल हुए हैं.

# होटलों के गंदे पानी से दुकानदारों का बैठना हुआ दूभर

## जुर्माने की खानापूर्ति में जुटा प्रशासन; बीमारी फैलने की आशंका से स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नेपानगर

नेपानगर के मातापुर बाजार में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले मुख्य व्यावसायिक क्षेत्र में स्वच्छता दावों की पोल खुल गई है। बाजार क्षेत्र में स्थित होटलों द्वारा ड्रेनेज का गंदा पानी और सड़ा हुआ वेस्ट मटेरियल (अनाज) खुले मुख्य चैंबर में बहाए जाने के कारण पूरे इलाके में भारी गंदगी और असहनीय बदबू फैल गई है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि स्थानीय व्यापारियों को अपनी दुकानें बंद करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### होटलों पर लगा जुमार्ना, पर समाधान नहीं

मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा होटल संचालकों पर दंडात्मक कार्रवाई तो की गई है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, पालिका द्वारा बीते 11 जून को 3 हजार रुपये तथा 12 जून को 5 हजार रुपये की 'विशेष रसीद' काटकर जुमार्ना वसूला गया। लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन महज कागजी कार्रवाई और जुर्माने की वसूली तक सीमित है, समस्या का कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकाला जा रहा है।

### व्यापार ठप, पनप रहे हैं मच्छर

स्थानीय खाद-बीज व्यवसाई रघुनाथ यादव ने बताया कि खुले चैंबर के कारण पूरा रास्ता ब्लॉक हो जाता है। होटलों का सड़ा हुआ अनाज यहाँ जमा होने से उठने वाली बदबू दूर मुख्य मार्ग और दवा दुकानों तक पहुँच रही है। रविवार को हुई आंशिक सफाई के बाद बदबू इतनी बढ़ गई कि दुकान खोलना भी मुश्किल हो गया। दूषित वातावरण के चलते क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है।

### अधिकारियों के दौरे भी बेअसर

पीड़ित दुकानदारों का कहना है कि पूर्व में सीएमओ सहित नगर पालिका का अमला और प्रशासनिक अधिकारी क्षेत्र का निरीक्षण कर चुके हैं, लेकिन आश्वासन के अलावा धरातल पर कुछ नहीं बदला। व्यापारियों ने प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि इस ड्रेनेज लाइन को तत्काल पूरी तरह से भूमिगत किया जाए ताकि क्षेत्र को इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके।

# समाज के नव निर्माण में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलोट

पत्रकार समाज का आईना होता है तथा समाज के नव निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका होती है। प्रेस को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया है और यही वह माध्यम है जो शासन, प्रशासन एवं जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। यह बात शुक्रवार को अंबेडकर मांगलिक भवन में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, तहसील इकाई आलोट द्वारा आयोजित पत्रकार परिचय-पत्र वितरण समारोह एवं सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि तहसीलदार पंकज पवैया ने कही।

उन्होंने कहा कि पत्रकार और प्रशासन एक ही गाड़ी के दो पहिए हैं। जहां तथ्यात्मक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता प्रमाणिकता का वातावरण निर्मित करती है, वहीं प्रशासन उसी प्रमाणिकता के आधार पर समाज एवं क्षेत्र के विकास के नए आयाम स्थापित करता है। उन्होंने स्वच्छता एवं जन-जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर में निरंतर सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। जनगणना एवं अन्य शासकीय कार्यों की व्यस्तता के कारण इसकी गति कुछ समय के लिए धीमी हुई है, लेकिन शीघ्र ही जनसहयोग से इसे पुनः गति प्रदान की जाएगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के संभाग अध्यक्ष प्रीतिपाल सिंह राणा ने कहा कि मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ प्रदेश का ऐसा संगठन है जो भारतीय श्रम अधिनियम के तहत पंजीकृत होकर पत्रकारों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ रहा है। पत्रकार बीमा योजना, अधिमान्यता, पेंशन सहित कई मांगों को पूरा करवाने में संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है

## विधायक सचिन बिरला ने रविवार को समीपवर्ती ग्रामों का व्यापक दौरा किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वाह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के बेमिसाल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विधायक सचिन बिरला ने रविवार को समीपवर्ती ग्रामों का व्यापक दौरा किया। विधायक और भाजपा पदाधिकारियों ने ग्राम काटकूट, तारान्या, मेहंदीखेड़ा, कुंडी, बड़ेल, बरखेड़ा,मुंडला,रांजना और लखनपुरा में ग्रामवासियों से चर्चा की और ग्राम विकास तथा समस्याओं के समाधान पर चर्चा की। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध हैं। इस दौरान विधायक ने ग्राम परपड़ा में गिरिट वाले हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन कर क्षेत्र की सुख,शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम परपड़ा में 5 लाख रुपये की लागत से सर्वसमाज के सामुदायिक भवन तथा ग्राम लखनपुरा में 5 लाख रुपये की लागत से नायक समाज के सामुदायिक भवन और 5 लाख रुपये की लागत से गुर्जर समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया।

## आतंकवाद से 350 गुना बड़ा खतरा लव जिहाद से- अश्विनी उपाध्याय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खरगोन

देश में आतंकवाद से भी बड़ा खतरा लव जिहाद से है। आतंकवाद से हर साल लगभग एक हजार लोग प्रभावित होते हैंए जबकि लव जिहाद के कारण प्रतिवर्ष करीब ३.५० लाख बेटियां गायब या प्रभावित हो रही हैं। यह अप्रत्यक्ष युद्ध है, जिसका सबसे बड़ा केंद्र मध्यप्रदेश का मालवा क्षेत्र है। यह बात सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व पीआईएल मैन ऑफ इंडिया अश्विनी उपाध्याय ने प्रकाश स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला के अंतिम दिवस सहिष्णुता और जिहाद विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गजेंद्रसिंह पटेल व विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मनोज रघुवंशी थे। अध्यक्षता संस्थान के रणजीतसिंह डंडीर ने की। श्री उपाध्याय ने घुसपैठ और अवैध पहचान पत्र पर कहा देश में लगभग पांच करोड़ घुसपैठिये आ चुके हैं। उन्होंने वर्तमान आधार कार्ड प्रणाली की आलोचना करते हुए कहा कि केवल 182 दिन भारत में रहने पर किसी को भी आधार कार्ड मिल जाना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए घातक है। उन्होंने सुझाव दिया कि आधार केवल उन्हीं का बने जिनके पूर्वजों का रिकॉर्ड हो। धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग पर श्री उपाध्याय ने कहा प्रतिदिन लगभग 1500 परिवारों का धर्मांतरण किया जा रहा है।

## विधायक निधि से 20 ग्राम पंचायतों को मिले पेयजल टैंकर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

पंधाना विधानसभा क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले सार्वजनिक एवं मांगलिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पंधाना विधायक छाया मोरे ने विधायक क्षेत्र विकास निधि से 20 ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए हैं। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इनमें से छैगांवमाखन जनपद पंचायत क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों को टैंकर वितरित किए गए, जबकि पंधाना जनपद पंचायत क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतों को रविवार को टैंकर वितरित किए जाएंगे।

जनकल्याण शिविर के दौरान टैंकर वितरण कार्यक्रम में विधायक छाया मोरे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर पेयजल संकट, सामाजिक कार्यक्रमों, विवाह समारोहों तथा अन्य सार्वजनिक आयोजनों के दौरान पानी की व्यवस्था चुनौती बन जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को 5500 लीटर क्षमता के जी.आई. वाटर टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं। इन टैंकरों का संचालन एवं रख रखाव संबंधित ग्राम पंचायतें करेंगी, जिससे स्थानीय स्तर पर ग्रामीणों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## युवा मोर्चा के शक्ति प्रदर्शन पर उठे सवाल, सड़कों पर बिखरा कचरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के प्रथम नगर आगमन पर किए गए स्वागत कार्यक्रम को लेकर शहर में चचाओं का दौर तेज हो गया है। विरोधियों और स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि स्वागत और शक्ति प्रदर्शन की होड़ में सड़कों पर बड़े पैमाने पर पोस्टर, बैनर और सजावटी सामग्री लगाकर स्वच्छता अभियान की भावना को ठेस पहुंचाई गई।जानकारी के अनुसार दीनदयाल प्रतिमा से लेकर दादाजी धाम तक स्वागत मार्ग पर जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए गए। इन्हें खड़ा करने के लिए हाल ही में मरम्मत की गई सड़कों में गड्ढे कर पाइप लगाए गए, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त होने की शिकायतें सामने आई हैं।

# टाईम पास

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ







## 'जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा
तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...


00000000000

पप्पू - क्या हुआ डॉक्टर साहब, कितना वक्त बचा है मेरे पास? डॉक्टर - मर नहीं रहे हो,
6 बजे का अपॉइंटमेंट था 7 बजे आए हो।
डॉक्टर - तुमने आने में देर कर दी।

000000000

सास - बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।

## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

वर्ग पहेली



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46 / 35 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | मी |
| त | पी | जा | ल्हे | र | ग | वा | ल | ह | प | ल |
| र | ज | ए | रा | जा | बा | बू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | श्री | ह | जी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | स्या | ल | थि | क |
| र | क | ल | श | रा | व | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ज | ल | को | मा | व | लि | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | च | ले | रा | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

----------------

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | ■ | + | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | + | ■ | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकु बवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

### यूपी में आंधी-बारिश से 5 लोगों की मौत:21 शहरों में तूफान का अलर्ट;

# मानसून छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंचा: मध्यप्रदेश - राजस्थान समेत 9 राज्यों में प्री-मानसून एक्टिव



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूपी में प्री-मानसून एक्टिव है। मौसम विभाग ने रविवार को 21 शहरों में आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने 21 शहरों में आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की है। इस दौरान 60-70 किमी की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश से जुड़े हादसों में 5 लोगों की मौत हुई है। उन्नाव और गाजीपुर में बिजली गिरने से एक-एक किसान की जान गई। वहीं कासगंज में आंधी के दौरान मकान का लिंटर गिरने से पति-पत्नी और बेटी की मौत हो गई। दिल्ली का तापमान 1.4 डिग्री कम हुआ है। रविवार को तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने आज दोपहर और शाम को तेज आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान के पूर्वी जिलों में पिछले 24 घंटे से आंधी-बारिश जारी है। अगले 4 दिनों तक बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा और जोधपुर में बारिश का अनुमान है। रविवार को सबसे ज्यादा फलौदी में 42.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वहीं, चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा 23 मिमी बारिश हुई।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में 15 जून से धूल भरी आंधियों और आंधी-बारिश का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हुई है। बिहार के 12 जिलों में आज आंधी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इन जिलों में 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। इसके अलावा बिजली भी गिर सकती है।



मानसून की झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में एंट्री हो गई। फिलहाल यह छत्तीसगढ़ की बॉर्डर पर है। अगले 3 दिन में इसके मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पहुंचने की संभावना है। 4 जून को केरलम में दस्तक देने के बाद मानसून 9 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है। फिलहाल, देश के कई राज्यों में प्री मानसून एक्टिव है। राजस्थान समेत 9 राज्यों में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। मध्य प्रदेश में शनिवार शाम भोपाल समेत 4 जिलों में तेज बारिश हुई। कई जगहों पर बिजली के तार, पेड़ टूट कर गिरे। यूपी में आंधी-बारिश के दौरान हुए हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। वहीं, झारखंड में बिजली गिरने से 3 महिलाओं समेत 7 की मौत हो गई। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई शहरों में शुक्रवार को पारा 40°C से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा महाराष्ट्र के यवतमाल में दर्ज किया गया। यहां पारा 42.4°C रहा। वहीं छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में 42°C, गुजरात के भावनगर में 41.9°C, राजस्थान के जैसलमेर में 40.8°C दर्ज किया गया। मध्य महाराष्ट्र, विदर्भ और मराठवाड़ा के 26 जिलों में आज हीटवेव का अलर्ट है। ओडिशा, कोस्टल आंध्र प्रदेश और कोंकण गोवा में मौसम उमस भरा रहेगा।

# कॉकरोच जनता पार्टी का बेंगलुरु में बारिश के बीच प्रदर्शन, एक्टर प्रकाश राज शामिल हुए, हैदराबाद में वांगचुक की स्पीच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने रविवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान अभिनेता प्रकाश राज भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनके हाथ में एक फूल था। बारिश के बीच बड़ी संख्या में लोग पोस्टर और छाते लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने NEET पेपर लीक और उइरए की ऑन-स्क्रीन मार्किंग प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इससे पहले हैदराबाद के धरना चौक पर भी प्रदर्शन हुआ था, जहां सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लोगों को संबोधित किया।

CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके और उनके समर्थक पिछले 9 दिनों में देश के 6 शहरों में विरोध प्रदर्शन कर चुके हैं। इस अभियान की शुरूआत 6 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर से हुई थी। इसके बाद 11 जून को पुणे, 12 जून को लखनऊ, 13 जून को अमृतसर और अब 15 जून को बेंगलुरु और हैदराबाद में प्रदर्शन किया गया।

हैदराबाद में ऐक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने कहा, यह शिक्षा मंत्री बनने या कोई पार्टी बनाने का आंदोलन नहीं है। यह देश में युवाओं के साथ हो रही गलतियों को सुधारने का आंदोलन है। यह एक जागरण है। उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था बनानी चाहिए, जहां भारत भयमुक्त हो, नफरत से मुक्त हो और हर व्यक्ति को बिना किसी सवाल के स्वतंत्रता मिले।

वांगचुक बोले- यह आंदोलन सिर्फ परीक्षाओं तक सीमित नहीं है। इसका मकसद व्यवस्था की बुनियाद को मजबूत करना भी है, जिसके लिए आगे एक रोडमैप तैयार किया जाएगा। लेकिन फिलहाल सबसे बड़ी समस्या परीक्षाओं की है।

कॉकरोच जनता पार्टी की शुरूआत चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या फ्ळकएक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं। इस टिप्पणी के अगले दिन, 16 मई को अमेरिका में रह रहे अभिजीत दीपके ने CJP की शुरूआत की और सोशल मीडिया पर पार्टी के अकाउंट बनाए। 22 मई को उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर एक ऑनलाइन याचिका शुरू की, जिसे 8 लाख से अधिक लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया गया।






## दिल्ली तुगलकाबाद हादसा- पैसे के विवाद में आग लगाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के तुगलकाबाद में 12 जून को पांच मंजिला इमारत में लगी आग में नया खुलासा हुआ है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी की जांच की। जिसमें एक नाबालिग लड़की आग लगने से पहले अंदर जाते दिखी, जैसे ही वह बाहर आई धमाका हो गया। पुलिस ने सीसीटीवी वीडियो के आधार पर नाबालिग को पकड़ा। उसने कबूल किया कि गोविंद पुरी के गिरीनगर की रहने वाली सरिता (27) ने उसे ऐसा करने के लिए उकसाया था। आरोप है कि सरिता ने उसे पेट्रोल और माचिस दी थी ताकि वह पैसे के विवाद को लेकर पांचवीं मंजिल पर रहने वाले दीपक की स्कूटी में आग लगा सके। सरिता दो अन्य आरोपी निरंजन (33) और उसके भाई राजकुमार (27) के कहने पर यह सब कर रही थी। तीनों ने कथित तौर पर निजी दुश्मनी निकालने के लिए आग लगाने की योजना बनाई थी। पुलिस ने चारों को अरेस्ट कर लिया है। इस हादसे में 3 लोगों की जान चली गई थी। बिल्डिंग में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें एक युवक और दो महिलाएं हैं। 6 लोगों को बचाया गया था। आग पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में लगी थी। धीरे-धीरे आग पांच मंजिला बिल्डिंग में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने छत का ताला काटकर लोगों को बचाया। फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, गुरुवार देर रात 2:35 बजे से 2:37 बजे के बीच इमरजेंसी कॉल मिलीं। इमारत के अंदर कई लोगों के फंसे होने की खबर मिलने के बाद फायर फाइटर्स ने रेस्क्यू शुरू किया। 3:45 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। एक चश्मदीद ने बताया कि, हम लोग पड़ोस में रहते हैं। आग लगने की खबर मिलते ही वहां पहुंचे तो देखा कि ग्राउंड फ्लोर पर खड़ी गाड़ियों में एक-एक करके ब्लास्ट हो रहा था। हमने पानी का इस्तेमाल करके आग बुझाई।

# फ्रांस के नीस में मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की

### भारत-फ्रांस के बीच FTA, डिफेंस और अकसे जुड़े 13 बड़े समझौते हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी शामिल रहे।

इस दौरान दोनों देशों के बीच 13 बड़े समझौते हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में रक्षा, व्यापार, टेक्नोलॉजी, स्पेस और शिक्षा पर बात हुई। दोनों देशों ने अगले 5 वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने के लिए एक हाई-लेवल सिस्टम और इकोनॉमिक सिक्योरिटी



डायलॉग की शुरूआत की है।

इससे पहले दोनों नेताओं ने भारत इनोवेट्स 2026ह्ल प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप्स और वेंचर कैपिटल फंड्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम के बाद राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी को नीस के पास स्थित विला केरीलोस घुमाने ले गए। यह फ्रांस की प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। मैक्रों ने यहां पीएम के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया। पीएम मोदी 13 जून से फ्रांस-स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं।




वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में जी7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलेंगे। दोनों नेताओं के बीच ट्रेड डील पर बातचीत होगी।

# योगी ने राममंदिर चढ़ावे की जांच के लिए एसआईटी बनाई

### मंदिर के कर्मचारी के घर 10 लाख मिले

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावे के 7 करोड़ रुपए की चोरी के दावे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने शनिवार को सीएम योगी से चोरी के दावे की जांच रक्ळ (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) से कराने की मांग की। इसके कुछ ही घंटों बाद शासन ने 3 सदस्यीय रक्ळ बना दी है।

वहीं, मंदिर के कर्मचारी लवकुश मिश्रा (27) के घर से 10 लाख रुपए बरामद हुए हैं। उसने रुपए गोबर में दबाकर छिपाए थे। इसके अलावा, कुछ पैसे बक्से में भी रखे थे। हालांकि, ये रुपए किसके हैं, यह अभी पता नहीं चल पाया है। वहीं लवकुश के पिता ने भी रुपए मिलने की पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, लवकुश मंदिर में चढ़ावे की रकम गिनने का काम करता था।

लवकुश की नौकरी उसके ससुर ने लगवाई थी। लवकुश का साला अनुकल्प मिश्रा पहले से मंदिर में नौकरी कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक, अनुकल्प और लवकुश दोनों अभी पुलिस हिरासत में हैं।


## जानिए कौन हैं SIT के 3 सदस्य



**विजय विश्वास पंत**
IAS
लखनऊ मंडलायुक्त
बैच- 2004



**किरण शिवकुमार**
IPS
IG लखनऊ रेंज
बैच- 2008



**नीलरतन कुमार**
यूपी फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस
विशेष सचिव (वित्त)
बैच- 1986

## इन 3 अफसरों को क्यों शामिल किया गया

लखनऊ के कमिश्नर विजय विश्वास पंत (IAS), किरन एस. (IPS, आईजी रेंज) और नीलरतन (विशेष सचिव, वित्त) को शामिल किया गया है। किरन एस. सीबीआई में डीआईजी रह चुके हैं। यानी वित्त, कानून के एक्सपर्ट को कमिश्नर लीड करेंगे। विजय विश्वास पंत: IIT कानपुर से बी.टेक पास हैं। अभी लखनऊ के मंडलायुक्त हैं। रक्ळ की अध्यक्षता करेंगे। चढ़ाव और दान की व्यवस्था को समझेंगे। बेहतर करने के सुझाव देंगे। किरन एस.: अपराध की जांच का लंबा अनुभव है। चढ़ावा चोरी के आरोपों की तह तक जाएंगे। यानी, पुलिस के एंगल से जांच संभालेंगे।

नीलरतन: वित्त विभाग में विशेष सचिव हैं। यह मंदिर के ऑडिट, दान और वित्तीय लेन-देन का निरीक्षण करके रिपोर्ट तैयार करेंगे।

### 1- लवकुश के पिता बोले- 4-5 महीने से राम मंदिर में नौकरी कर रहा था

लवकुश अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के मीनापुर ठकुरन फगौली गांव का रहने वाला है। उसके पिता बच्चूलाल ने कहा- मेरा बेटा 4-5 महीने से राम मंदिर में नौकरी कर रहा था। इसी दौरान वहां चोरी की घटना हुई। जांच के सिलसिले में कुछ लोग हमारे घर आए और तलाशी ली। इस दौरान 10 लाख रुपए बरामद हुए। अब जो होना था, वह हो गया। फैजाबाद में बन रहे मकान का मेरे बेटे से कोई संबंध नहीं है। मकान बनाने के लिए मैंने 10-12 बीघा खेत गिरवी रखा है। वहीं, गांववालों का कहना है कि टीम में कुल 6 लोग थे। इनमें 2 पुलिस की वर्दी में थे और 4 सादे कपड़ों में थे। रुपए लवकुश के घर की आलमारी-बक्से में रखे थे, कुछ रुपए उसने गोबर में दबाकर छिपाए गए थे। लवकुश पहले कार मैकेनिक था। मंदिर में नौकरी मिलने के बाद उसकी आर्थिक स्थिति तेजी से बदली थी। गांव आने पर वह खूब पैसे खर्च करता था। एक बार उसने गांववालों को शराब पिलाने के लिए ठेके पर 50 हजार रुपए खर्च कर दिए थे। लवकुश के पिता बच्चूलाल गाजियाबाद की लोहा मंडी में काम करते हैं। बच्चूलाल की 3 बेटियां और एक बेटा लवकुश है। लवकुश की शादी 8 साल पहले हुई थी। उसका 6 साल का बेटा और 2 साल की बेटी है।

नृपेंद्र मिश्रा 5 दिन में दूसरी बार शनिवार दोपहर अयोध्या पहुंचे। मंदिर निर्माण समिति की बैठक में हिस्सा लिया। मीटिंग से पहले चढ़ावा विवाद को लेकर उनसे सवाल-जवाब किए गए।

इससे पहले, 7 जून को चढ़ावा विवाद सामने आने के बाद 9 जून को भी नृपेंद्र मिश्रा अयोध्या पहुंचे थे। उन्होंने ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बैठक की थी। इसमें चढ़ावे की राशि, उसके उपयोग और लेखा-जोखा जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

### सपा नेता पवन पांडे बोले- जिम्मेदार नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें

पूर्व मंत्री और सपा नेता पवन पांडे ने शनिवार को एक वीडियो जारी किया। कहा- संघ से जुड़े रहे महिपाल सिंह ने मंदिर के चढ़ावे में चोरी-डकैती के आरोप लगाए हैं। इनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। महिपाल सिंह ने जिन ट्रस्ट सदस्यों और पदाधिकारियों के नाम लिए हैं, उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

राम मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था और देश की अस्मिता से जुड़ा विषय है। इसलिए मामले में पारदर्शिता जरूरी है। अगर जिम्मेदार लोग इस्तीफा नहीं देते और जांच का सामना नहीं करते, तो यह माना जाएगा कि प्रभु राम के चढ़ावे में जो डकैती हुई है, उसके ये भागीदार हैं। इन्होंने डकैती कराई है। ये डकैती के हिस्सेदार हैं।

यह अयोध्या है। प्रभु राम ने भी परीक्षा दी थी। माता सीता पर आरोप लगा, तो उन्हें वनवास जाना पड़ा था। आज ये लोग दिन-रात राम के नाम पर राजनीति करते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का नाम न लें, तो शायद इनकी जमानत जब्त हो जाए। चौबीस घंटे राम-राम करते हैं, तो राम के आदर्शों को अपने जीवन में भी उतारिए।

लवकुश के साले अनुकल्प मिश्रा (20) के पिता रविंद्र मिश्रा प्रॉपर्टी डीलर हैं। उनका एक बेटा और 2 बेटियां हैं। बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। जबकि छोटी बेटी अभी पढ़ रही है। अनुकल्प परिवार के साथ अयोध्या के कौशलपुरी में रहता है। सूत्रों के मुताबिक, कौशलपुरी में मानस डेंटल हॉस्पिटल के पास एक घर है। यह घर पहले भोजपुरी गायक का था। उसे अनुकल्प मिश्रा के परिवार ने 64 से 65 लाख रुपए में खरीदा था। इसके बाद परिवार वहीं रहने लगा। वहीं, अनुकल्प के पैतृक गांव में उसके मकान से लगभग 300 मीटर की दूरी पर एक फार्म हाउस भी बनाया गया है। परिवार के पास लगभग 5 से 6 बीघा पैतृक खेती भी है।

### विनय कटियार बोले- यह हल्का-फुल्का मामला नहीं

राम मंदिर आंदोलन से जुड़े रहे भाजपा नेता विनय कटियार ने बताया- जांच हो रही है। गंभीर मामला है, यह हल्का-फुल्का मामला नहीं है। अरे भाई, इस पर लोग बलिदान हुए हैं। हमारे जैसे लोग, कल्याण सिंह जैसे लोग, ये सब जेल गए हैं। कल्याण सिंह ने इस्तीफा दिया था।, तब जाकर के मंदिर का बनना शुरू हुआ था। मंदिर के चढ़ावे की चोरी के दावे को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में शुक्रवार को जनहित याचिका (ढक्छ) दाखिल की गई थी। स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक ने याचिका दायर की है। इसमें चोरी के दावे की जांच उइकसे कराने की मांग की गई है। साथ ही चढ़ावे का ऑडिट नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (उअॠ) से कराने की भी मांग की गई है। याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई हो सकती है। सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय ने रविवार 7 जून को दावा किया था कि राम मंदिर से 5 से साढ़े 7 करोड़ रुपए तक की चोरी की गई। अखिलेश ने भी कहा था कि मामले पर सरकार की चुप्पी संदिग्ध है। कोर्ट को मामला देखना चाहिए। चंपत राय ने सफाई दी थी कि अभी तक ऐसी कोई भी बात सामने नहीं आई है। विवाद बढ़ा तो भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने 9 जून को प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर उइकजांच की मांग की। अगले दिन यानी 10 जून को प्रधानमंत्री कार्यालय (ढटड) ने मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट मांग ली।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 15 जून, 2026

### सुभाषितानि

**समाने शोभते प्रीती राज्ञि सेवा च शोभते।**
**वाणिज्यं व्यवहारेषु स्त्री दिव्या शोभते गृहे॥**

**भावार्थ** : समान स्तरवालों से ही मित्रता शोभा देती है। सेवा राजा की शोभा देती है। वैश्यों को व्यपार करना ही सोभा देता है। शुभ स्त्री घर की शोभा है।

**दुराचारी च दुर्दृष्टिदुर्राऽऽवासी च दुर्जनः।**
**यन्मैत्री क्रियते पुम्भिर्नरः शीघ्र विनश्यति॥**

**भावार्थ** : दुराचारी, दुष्ट स्वभाववाला, बिना किसी कारण दूसरों को हानि पहुँचानेवाला तथा दुष्ट व्यक्ति से मित्रता रखने वाला श्रेष्ठ पुरुष भी शीघ्र ही नष्ट हो जाते है क्यूंकि संगति का प्रभाव बिना पड़े नहीं रहता है।

## सम्पादकीयम्

### कन्याम् उद्धारयतु

निक्की - दहेजस्य कृते हता निक्की इत्यस्याः प्राणाः दहेजस्य उपरि दावान् अकरोत् ग्रेटर नोएडानगरे निक्की भाटी इत्यस्याः हत्या केवलं एकान्तघटनारूपेण न द्रष्टव्या। व्यवस्थायाः विषये प्रश्नान् उत्थापयितुं परं, एतत् एकस्य समाजस्य दर्पणं धारयति यत्र विवाहकाले दहेजस्य आदानप्रदानं सामान्यं वर्तते-एतत्, देशे दहेजविरोधी कानूनानि दीर्घकालं यावत् प्रचलन्ति चेदपि।
सामाजिकदबावः - निक्की तस्याः भगिन्या सह २०१६ तमे वर्षे एकस्मिन् गृहे विवाहः अभवत्, ततः परं दहेजस्य विषये उभौ उत्पीडनस्य शिकारौ आस्ताम्। ज्ञातव्यं यत् स्वकन्यानां उत्पीडनस्य विषये परिवारः अवगतः आसीत्। तथापि ते श्वशुरलोभस्य तृप्त्यर्थं बहु परिश्रमं कृतवन्तः। कारणम्? एकदा कन्याः वैवाहिकगृहं प्रति गच्छन्ति तदा ते तत्रैव भवन्ति इति निर्दिशति सः अदृष्टः सामाजिकदबावः। अस्याः तथाकथितस्य सामाजिकप्रतिष्ठायाः चिन्ता, तेषां कन्यानां विवाहः पतति इति भयं च निक्कीं नरकीयं अस्तित्वं सहितुं बाध्यं कृतवती।
सहस्राणि प्रकरणाः : यद्यपि निक्की इत्यस्याः उपरि कृतानां अत्याचारानाम् कथा वीडियो-दृश्यानां माध्यमेन उपरि आगता अस्ति तथापि वास्तविकता एषा यत् देशे दहेज-उत्पीडनस्य घरेलुहिंसायाः च असंख्य-प्रकरणाः अनिवेदिताः भवन्ति-अथवा लघुनगरेषु नगरेषु च उत्पद्यन्ते ये जनसूचनातः पलायाः भवन्ति।

#### अनियंत्रित-अवैध-उपनिवेशेषु सर्वकारः कठिनतया क्रन्दति

# अभिलेखाः अनुपलब्धाः; १० वर्षीय जेल तथा १ कोटि जुर्माना प्रस्तावित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेशे अवैध-उपनिवेशानां प्रसारितजालं सर्वकारस्य कृते प्रमुखा आव्हानं जातम्। स्थितिः एतावता गम्भीरा अस्ति यत् राज्यप्रशासने सहस्राणि अनधिकृतानां उपनिवेशानां समीचीन-अभिलेखस्य अपि अभावः नास्ति। मुख्यसचिवः अनुराग जैनस्य अध्यक्षतायां सद्यःकाले समीक्षासभायां राज्ये अवैध-उपनिवेशानां संख्यायाः विषये पृष्टे अधिकारिणः स्पष्टानि आँकडानि दातुं असफलाः अभवन्। एतेन प्रशासनिकव्यवस्थायां निगरानीयतन्त्रे च दुर्बलताः इति विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः।

यद्यपि अधिकारिणः अनुमानयन्ति यत् राज्ये सम्प्रति २५०० तः अधिकाः नवीनाः अवैध-उपनिवेशाः सन्ति, तथापि गैर-सरकारी-मूल्यांकनैः एतत् आकङ्कणं ३०,००० तः अधिकम् इति स्थापितं।

राज्ये अवैध उपनिवेशानां विषयः नूतनः नास्ति। २०१६ तमे वर्षे नगरप्रशासनविभागेन व्यापकं सर्वेक्षणं कृत्वा ७,९८१ अवैध उपनिवेशानां पहिचानः कृतः। एतेषु केवलं १६ नगरनिगमक्षेत्रेषु ३१५५ उपनिवेशाः प्राप्ताः। तस्मिन् समये ग्वालियरनगरनिगमक्षेत्रे अवैध-उपनिवेशानां संख्या सर्वाधिकं ६९६ आसीत्। तस्य अनन्तरं इन्दौर-नगरम् (६३६), खंडवा (३३८), भोपाल (३२०), जबलपुर (२२४) च अभवत् एतेषां आँकडानां कृते तदा प्रशासनं आतङ्कितम् आसीत्, तथापि समस्यायाः उपरि प्रभावी नियन्त्रणं स्थापयितुं न शक्यते स्म।



तदनन्तरं तत्कालीनशिवराजसिंहचौहानसर्वकारेण २०२२ वर्षपर्यन्तं विकसितानां बहूनां अवैध-उपनिवेशानां नियमितीकरणं वैधानिकीकरणं च कर्तुं निर्णयः कृतः। एतेषु उपनिवेशेषु गृहाणि वा भूखण्डानि वा क्रीतवन्तः लक्षशः जनाः राहतं दातुं सर्वकारस्य उद्देश्यम् आसीत् अस्याः प्रक्रियायाः अन्तर्गतं बहूनां उपनिवेशानां कानूनी दर्जा प्राप्ता, तथापि अवैधनिमार्णं, अनधिकृतानां उपनिवेशानां विकासं च पूर्णतया स्थगयितुं असफलम् अभवत्। २०२२ तमे वर्षे अनन्तरम् अपि राज्यस्य विभिन्ननगरेषु, नगरेषु च परितः नूतनाः अवैध-उपनिवेशाः द्रुतगत्या उत्पद्यन्ते स्म, तेषां संख्या च वर्धमाना आसीत्। चिन्ताजनकः विषयः अस्ति यत् अवैध-उपनिवेशाः निजी-कृषि-भूमिषु एव सीमिताः न सन्ति। हरितमेखलाक्षेत्रेषु, तडागानां जलनिकायानां च तटे, सर्वकारीयभूमिषु, विविधसरकारीपरियोजनानां योजनानां च कृते आरक्षितभूमौ च बहूनां अनधिकृतवस्तयः उत्पद्यन्ते २०१६ तमे वर्षे राज्यस्य १६ नगरनिगमक्षेत्रेषु ८०६ एतादृशाः अवैध-उपनिवेशाः-अयोग्याः अत्यन्तं संवेदनशीलाः च इति वगीर्कृताः-परिचिताः विशेषज्ञाः मन्यन्ते यत् एतादृशाः उपनिवेशाः न केवलं पर्यावरणसन्तुलनं बाधन्ते अपितु भविष्यस्य नगरविकासयोजनासु गम्भीराणि बाधकाः अपि उत्पद्यन्ते। नगरनिगमानाम्, नगरपालिकानां, अन्येषां नगरसंस्थानां च प्रमादः अवैध-उपनिवेशानां प्रसारस्य प्राथमिककारणं मन्यते यद्यपि विभागेन एतेभ्यः निकायेभ्यः समये समये अद्यतनसूचनाः प्राप्ताः तथापि अधिकांशः समीचीनानि वर्तमानानि च आँकडानि दातुं असफलाः अभवन्। फलतः राज्ये उद्भूतानाम् नूतनानां अवैध-उपनिवेशानां।

#### वरुणधवनस्य चलच्चित्रं प्रदर्शितस्य

## तत्क्षणमेव प्रतिक्रियायाः सामनां करोति; जवानी तो इश्क होना है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

निर्देशकस्य डेविड् धवनस्य बहुप्रतीक्षितं हास्यचलच्चित्रं जवानी तो इश्क होना है इति सिनेमागृहेषु प्रदर्शितम् अस्ति, परन्तु प्रथमदिने प्रेक्षकाणां प्रतिक्रिया चलच्चित्रनिमार्तृणां अपेक्षायाः अनुरूपं न दृश्यते। वरुणधवनः, मृणालठाकुरः, पूजा हेगडे च अभिनीतः अयं चलच्चित्रः सामाजिकमाध्यममञ्चे (पूर्वं ट्विट्ट्) इत्यत्र आलोचनानां सामनां कुर्वन् अस्ति। अनेके दर्शकाः चलच्चित्रस्य कथां, पटकथां, हास्यशैलीं च दुर्बलं इति वर्णयित्वा निराशां प्रकटितवन्तः।

चलच्चित्रस्य प्रदर्शनात् पूर्वं महत्त्वपूर्णं गूञ्जनं जातम् आसीत्, प्रेक्षकाणां मध्ये स्पर्शयोग्यजिज्ञासा अपि आसीत्। परन्तु सिनेमागृहेषु प्रथमप्रदर्शनानां अनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु उद्भूताः प्रतिक्रियाः चलच्चित्रस्य कृते चुनौतीपूर्णं वातावरणं निर्मितवन्तः। बहवः दर्शकाः हास्यं तिथियुक्तं अप्रभावी च इति मन्यन्ते, अन्ये तु द्विविधसंवादेषु दुर्बलहास्यलेखनेषु च अस्य महतीं निर्भरतां आलोचयन्ति।

सामाजिकमाध्यमेषु प्रकाशितप्रतिक्रियायां एकः दर्शकः लिखितवान् यत् चलच्चित्रस्य हास्यं तेषां कृते सर्वथा कार्यं कर्तुं असफलम् अभवत्। ते अवलोकितवन्तः यत् हास्यं यद्यपि व्यक्तिगतरुचिस्य विषयः अस्ति तथापि चलच्चित्रस्य मनोरञ्जनमूल्यं तेषां प्रभावं कर्तुं असफलम् अभवत्। ते अपि उक्तवन्तः यत् अल्पापेक्षया अन्तः गत्वा अपि ते निराशाः एव गच्छन्ति स्म। विशेषतया द्विविधसंवादानाम्, हास्यशैल्याः च आलोचनां कुर्वन् दर्शकः सुझावम् अयच्छत् यत् वरुणधवनः इदानीं गम्भीरेषु चुनौतीपूर्णेषु च भूमिकासु अधिकं ध्यानं दातव्यम् इति। अन्यः उपयोक्ता व्यङ्ग्यं टिप्पणीं कृतवान् यत् एतत् चलच्चित्रं शेयरबजारस्य वर्तमानस्थितेः।

### वन्दे मातरम् पङ्क्तौ काङ्ग्रेसपार्षदस्य फौजिया अलीमस्य कृते प्रमुखः पराजयः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

'वन्दे मातरम्' इत्यस्य कथिता अनादरस्य प्रकरणस्य विषये काङ्ग्रेसपार्षदस्य फौजिया अलीमस्य कृते कष्टानि वर्धितानि सन्ति। जिलान्यायालयेन तस्याः पूवार्नुमानं जमानतयाचना अङ्गीकृता अस्ति। प्राथमिकरूपेण न्यायालयेन अवलोकितं यत् प्रकरणे साम्प्रदायिकसौहार्दं विघटयितुं सम्बद्धस्य अपराधस्य तत्त्वानि सन्ति इति भासते। परन्तु जमानतयाचना अङ्गीकृता अपि सा तावत्पर्यन्तं तत्कालं गृहीतुं न शक्नोति, यतः न्यायालयेन सर्वोच्चन्यायालयेन निर्धारितमार्गदर्शिकानां पालनार्थं पुलिसं निर्देशितम् अस्ति। एषः विषयः आयोजितायाः नगरनिगमस्य सभायाः सम्बद्धः अस्ति।

### राशिफल

**मेष** : लेखक, कवि और कलाकारों को सफलता मिल सकती है। सेहत ठीक रहेगी, लेकिन भावनाओं में बहकर कोई फैसला न लें।

**वृषभ** : आज धन लाभ के अच्छे योग बन रहे हैं। परिवार में खुशखबरी मिल सकती है। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन** : आज मन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। जरूरत के अनुसार चीजें जीवन में मिलती जाएंगी।

**कर्क** : आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। नौकरी और कारोबार में आगे बढ़ने के योग बन रहे हैं।

**सिंह** : आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। परिस्थितियां आपके पक्ष में नहीं दिख रही हैं।

**कन्या** : आज घर-परिवार में थोड़ी नोकझोंक हो सकती है, लेकिन भूमि, मकान या वाहन खरीदने के योग बन रहे हैं।

**तुला** : सरकारी कामों में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में जीत के संकेत हैं। आज व्यापार की स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक** : आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा। ज्ञान और समझ में बढ़ोतरी होगी। सेहत थोड़ी मध्यम रह सकती है, इसलिए ध्यान रखें।

**धनु** : आज आय के नए स्रोत बन सकते हैं। पुराने कामों से भी पैसा मिलने के योग हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर** : आज मन थोड़ा परेशान और बेचैन रह सकता है। खर्च बढ़ सकते हैं। बेवजह चिंता करने से बचें।

**कुंभ** : आज आपका पराक्रम रंग लाएगा। मेहनत का पूरा फल मिलेगा। व्यापार की स्थिति मजबूत होगी।

**मीन** : आज जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। मन खुश रहेगा और दिन कुछ हद तक छुट्टी जैसा महसूस होगा।

### ज्योतिष/वास्तु

# अशुभ संयोग के बीच भी चमक सकती है किस्मत, करियर में बड़ा बदलाव संभव

10 जुलाई को सूर्य और चंद्रमा के युति से बनने वाला व्यतिपात योग एक महत्वपूर्ण ज्योतिषीय घटना है। जानें इसका समय, महत्व और किन राशियों के करियर व आर्थिक जीवन में आ सकता है बदलाव।

जुलाई का महीना ज्योतिषीय दृष्टि से काफी खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान एक दुर्लभ ग्रह संयोग बनने जा रहा है। सूर्य, जो मान-सम्मान, यश और प्रतिष्ठा का प्रतीक है, और चंद्रमा, जो मन और भावनाओं का कारक माना जाता है, एक साथ मिलकर व्यतिपात योग का निर्माण करेंगे। यह योग 10 जुलाई को सुबह 6:53 बजे शुरू होकर दोपहर 12:27 बजे तक रहेगा। हालांकि वैदिक ज्योतिष में व्यतिपात योग को सामान्यतः अशुभ माना जाता है, लेकिन इस बार इसका प्रभाव कुछ राशियों के लिए अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक परिणाम भी लेकर आ सकता है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प होगा कि यह दुर्लभ संयोग किन जातकों के करियर और आर्थिक जीवन में बदलाव और तरक्की के संकेत दे रहा है।



**वृषभ राशि–** व्यतीपात योग वृषभ राशि के जातकों के लिए मिश्रित लेकिन अधिकतर सकारात्मक परिणाम देने वाला माना जाता है। इस दौरान लंबे समय से रुके हुए कार्य धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे, जिससे मन को राहत और संतोष मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है और अचानक धन लाभ के साथ आय के नए स्रोत बनने की संभावना रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर अपनी मेहनत का अच्छा फल मिल सकता है। वरिष्ठ अधिकारी आपके काम से प्रभावित होंगे और सम्मान में वृद्धि होगी। व्यापार करने वाले जातकों के लिए भी यह समय अनुकूल रहेगा। पुराने अटके हुए सौदे पूरे हो सकते हैं और नए संपर्क भविष्य में लाभ पहुंचा सकते हैं। मानसिक रूप से आप खुद को अधिक शांत और स्थिर महसूस करेंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा और महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होगी। पारिवारिक जीवन में संतुलन बना रहेगा तथा परिवार का सहयोग मिलेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ने के संकेत हैं। हालांकि किसी भी बड़े फैसले में जल्दबाजी करने से बचना बेहतर रहेगा।

**सिंह राशि–** व्यतिपात योग सिंह राशि के जातकों के लिए शुभ परिणाम लेकर आ सकता है। इस दौरान आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत मिलेंगे और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना बढ़ेगी। धन संबंधी मामलों में राहत मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। पुरानी परेशानियों से राहत मिलने के योग हैं और ऊर्जा में वृद्धि महसूस होगी। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा तथा घर का वातावरण खुशहाल बना रहेगा। संतान पक्ष से कोई अच्छी खबर मिल सकती है और उनकी प्रगति आपको संतोष देगी। सामाजिक क्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा और मान-सम्मान में वृद्धि होगी। इस दौरान किसी महत्वपूर्ण या प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है जो भविष्य में करियर या व्यवसाय के लिए लाभकारी साबित होगी। आत्मविश्वास मजबूत रहेगा और आप अपने कार्यों को पूरी लगन के साथ सफलतापूर्वक पूरा कर पाएंगे।

**तुला राशि–** व्यतिपात योग तुला राशि के जातकों के लिए प्रगति और नए अवसरों का संकेत देता है। इस दौरान मानसिक शांति प्राप्त होगी और तनाव में कमी आएगी। जीवन में आगे बढ़ने के नए रास्ते खुल सकते हैं जिससे आत्मविश्वास में वृद्धि होगी आर्थिक स्थिति में सुधार देखने को मिलेगा और निवेश से लाभ मिलने की संभावना रहेगी। नौकरीपेशा लोगों की कार्यस्थल पर स्थिति मजबूत होगी। पदोन्नति मिलने या नई जिम्मेदारियां संभालने के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिए लाभदायक साबित होगी। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान निकल सकता है और रुके हुए कार्यों में गति आएगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी तथा रिश्तों में समझ और विश्वास मजबूत होगा। पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बना रहेगा जिससे आप अधिक संतुष्ट और सकारात्मक महसूस करेंगे।

**मकर राशि–** व्यतिपात योग मकर राशि के जातकों के लिए स्थिरता और उन्नति का संकेत देता है। इस दौरान आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है और आय के नए स्रोत बनने की संभावना रहेगी। धन संबंधी मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या वेतन वृद्धि के अवसर मिल सकते हैं। व्यापार से जुड़े जातकों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा। कारोबार के विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं और नए प्रोजेक्ट भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। इस अवधि में आपकी नेतृत्व क्षमता निखरकर सामने आएगी और लोग आपके विचारों व निर्णयों को महत्व देंगे। पुराने विवाद या लंबे समय से चली आ रही समस्याएं समाप्त होने के योग हैं जिससे मानसिक तनाव कम होगा। पारिवारिक जीवन में सहयोग और सामंजस्य बना रहेगा। मन शांत रहेगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। इससे आप अपने लक्ष्यों की ओर अधिक मजबूती और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ सकेंगे।

#### विमेंस वर्ल्डकप- दीप्ति ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए, स्मृति मंधाना ने 68 रन बनाए

# भारत ने पाकिस्तान को 64 रन से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बर्मिंघम

भारत ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को 64 रन से हरा दिया। एजबेस्टन में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 6 विकेट पर 170 रन बनाए।

भारत की ओर से स्मृति मंधाना ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 44 गेंदों में 68 रन बनाए। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 36 रन की पारी खेली। ऋचा घोष ने 17 बॉल पर 34 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से सादिया इकबाल और फातिमा सना ने 2-2 विकेट लिए। तस्मिया रुबाब और रामीन शमीम को 1-1 सफलता मिली।

171 रन का पीछा कर रही पाकिस्तान 17 ओवर में 106 रन पर ऑलआउट हो गई। मुनीबा अली ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत से दीप्ति शर्मा ने 10 रन देकर 5 विकेट लिए। श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को एक विकेट मिला।



**पाकिस्तान की तेज शुरूआत**

171 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने तेज शुरूआत की। मुनीबा अली और गुल फिरोजा ने पहले विकेट के लिए 38 रन जोड़े। पावरप्ले में टीम ने 52 रन बनाए। यह महिला टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान का सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है। मुनीबा ने 35 गेंदों पर 41 रन बनाए। दीप्ति शर्मा ने उन्हें डायरेक्ट हिट पर रनआउट किया।

**दीप्ति के 5 विकेट**

दीप्ति शर्मा ने पहले गुल फिरोजा और आयशा जफर को आउट कर भारत की वापसी कराई। उन्होंने एक ओवर में 3 विकेट लेकर पाकिस्तान को ऑलआउट कर दिया। मुनीबा के रनआउट होते ही पाकिस्तान की पारी बिखर गई। कप्तान फातिमा सना खाता भी नहीं खोल सकीं। आलिया रियाज 18 रन बनाकर आउट हुईं।

**मंधाना की फिफ्टी, ऋचा ने दिया फिनिशिंग टच–** भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही। शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स 18 रन के अंदर आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 91 रन जोड़े। मंधाना ने 68 रन की पारी में 9 चौके और 2 छक्के लगाए। हरमनप्रीत ने 36 रन की पारी खेली। आखिरी दो ओवरों में भारत ने 38 रन बनाए। ऋचा घोष ने 200 की स्ट्राइक रेट से 17 गेंदों पर 34 रन बनाए। आखिरी पांच विकेट सिर्फ 17 रन के भीतर गिर गए और पूरी टीम 17 ओवर में 106 रन पर सिमट गई। दीप्ति ने 4 ओवर में केवल 10 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि श्री चरणी को 3 और शेफाली वर्मा को 1 विकेट मिला।

## ट्राई सीरीज में आज इंडिया-ए का जीतना जरूरी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दांबुला

वनडे ट्राई सीरीज में आज इंडिया-ए और श्रीलंका-ए के बीच मुकाबला होगा। दांबुला के रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में यह मैच सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। फाइनल पहुंचने के लिए भारत का यह मैच जीतना जरूरी है।

15 साल के वैभव सूर्यवंशी इस सीरीज में अब तक एक भी फिफ्टी नहीं लगा सके हैं। उन्होंने श्रीलंका-ए के खिलाफ 14 और अफगानिस्तान के खिलाफ 22 गेंद पर 44 रन बनाए थे।

पिछले 6 मैच के हेड-टु-हेड में इंडिया-ए और श्रीलंका-ए बराबरी पर हैं। दोनों ने 2-2 मैच जीते हैं। 2 मैच का कोई नतीजा नहीं निकला। पिछला मुकाबला अफगानिस्तान के खिलाफ 4 रन से हार गई थी। जबकि, श्रीलंका पिछला मैच जीतकर आ रही है। उसने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया था।

#### केन विलियमसन का इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास

# न्यूजीलैंड को वर्ल्ड टेस्ट क्रिकेट खिताब जिताया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड के स्टार बल्लेबाज केन विलियमसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने इसकी घोषणा की। विलियमसन दूसरे ऐसे कप्तान हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड को कोई आईसीसी खिताब जिताया।

विलियमसन 2021 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप विजेता कप्तान बने थे। उनसे पहले स्टीफन फ्लेमिंग की कप्तानी में न्यूजीलैंड ने 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। विलियमसन ने इंग्लैंड से 3 टेस्ट मैचों की सीरीज के बीच ही संन्यास का ऐलान किया। लॉर्ड्स में खेले गए पहले टेस्ट में उन्होंने 0 और 18 रन बनाए।



यह टेस्ट हारने के बाद विलियमसन ने कहा- पिछले कुछ समय से मैं इस बारे में सोच रहा था और अब यह साफ हो गया है कि अब संन्यास लेने का सही वक्त आ गया है। यह वह टीम है, जिसे मैंने प्यार किया। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मैं लंबे समय तक इस टीम का हिस्सा रहा। न्यूजीलैंड टीम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल ब्लैककैप्स पर पोस्ट की और लिखा कि हमारे महानतम खिलाड़ियों में से एक अब जा रहे हैं। केन विलियमसन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। फोटो पर लिखा- शुक्रिया केन। केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड के लिए 48 इंटरनेशनल शतक लगाए हैं।

## खबर एक नजर...

### बाथरूम में मृत मिला अधेड़ हार्ट अटैक की आशंका

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र की कंचन विहार कालोनी में रहने वाला मूलचंद पित पूरणलाल 50 साल रेलवे में गैंगमेन था। शनिवार रात पुत्री रश्मि ने उन्हे बाथरूम में बेसुध पड़ा देखा और अस्पताल लेकर आई। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई गई कि हार्ट अटैक हुआ था, बावजूद संदेह के आधार पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। रविवार सुबह पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। रिपोर्ट आने पर मौत की वजह सामने आ पायेगी। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज किये है। जिसमें किसी प्रकार का आरोप-प्रत्यारोप होना सामने नहीं आया है।

### पुरानी रंजीश में 2 युवको को बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** शास्त्रीनगर में रहने वाला कुलदीप पिता प्रकाश कुमायु 20 साल सब्जी का ठेला लगाता है। शनिवार रात दोस्त हनी पिता भैरूलाल मालवीय के साथ बाइक से बाजार सामान लेने निकला था। शास्त्रीनगर हनुमान मंदिर के सामने दोनों का रास्ता बदमाश पृथ्वी चौहान निवासी शुभम परिसर और मोहित ठाकुर निवासी बागपुरा ने रोक लिया। कुलदीप का दोनों से पुराना विवाद था, इसी के चलते दोनों बदमाशों ने चाकू से हमला किया। कुलदीप का बचाने दोस्त हनी आया तो बदमाशों ने उसे भी चाकू मार दिये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। दोनों घायल दोस्तों को क्षेत्रवासियों की मदद से चरक अस्पताल पहुंचाया गया। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक सुनील रावत ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज कर चाकू मारने वालों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। फिलहाल दोनों बदमाश फरार है, जिनकी तलाश जारी है।

### मामा ने समझाने बुलाया तो भांजे ने लाठी से पीटा

**उज्जैन।** नरवर में रहने वाले कमल पिता कन्हैयालाल राठौर की बहन पति को छोड़ मायके आ गई थी। कमल ने अपने घर के पास ही बहन को मकान दिला दिया था। कुछ दिनों से बहन के घर मिस्त्री का काम करने वाला नंदू आने-जाने लगा। पति को छोड़ चुकी बहन के घर नंदू के आने पर गांव में लोगों ने बाते करना शुरू कर दिया। जिस पर कमल ने बहन के पुत्र मोहित को अपने घर बुलाया और समझाईश दी कि नंदू को घर आने से मना कर, गांव में बदनामी हो रही है। जिस पर भांजा मोहित गुस्सा हो गया और मामा कमल के साथ लाठी से मारपीट कर घायल कर दिया। कमल को उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले में पुलिस ने कमल की शिकायत पर मामला जांच में लिया है।

### भाई का कत्ल करने वाला दूसरे दिन भी नहीं पकड़ाया

**उज्जैन।** शुक्रवार-शनिवार रात हीरामिल की चाल में रहने वाले मनीष टटवाल शराब के लिये अपनी मां शगुनबाई से विवाद कर रहा था। छोटे भाई सागर उर्फ नाना ने बड़े भाई मनीष को विवाद करने से मना किया। जिसके चलते दोनों के बीच विवाद हो गया और छोटे भाई ने सीने में चाकू घोंपकर बड़े भाई की हत्या कर दी। देवासगेट पुलिस ने मां और आसपास के लोगों से पूछताछ करने के बाद सागर उर्फ नाना के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की, लेकिन दूसरे दिन भी रविवार शाम तक कत्ल करने वाला भाई पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका था। एसआई राधेश्याम आवंलिया ने बताया कि मृतक पर 24 अपराध दर्ज थे और कत्ल करने वाले पर भी 8 अपराध दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिये एक टीम लगातार उसके ठिकानों पर तलाश कर रही है।

### प्लाट विवाद में रिश्तेदारों ने किया परिवार पर हमला

**उज्जैन।** प्लाट विवाद में रविवार को रिश्तेदारों ने परिवार पर हमला कर दिया। चार लोग घायल हुये है। जिन्हे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंगोरिया के ग्राम पलवा में रहने वाले आशुतोष पिता सत्यनारायण डोडिया, पत्नी सोनाली डोडिया, मां मानकुंवर डोडिया के साथ नानी सागरबाई पति भैरूलाला गेहलोत निवासी बड़नगर को घायल हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने चारों को उपचार के लिये भर्ती किया है। परिजनों ने बताया कि परिवार पर आशुतोष के बड़े पापा रामनारायण डोडिया ने अपने पुत्र दिनेश, महेश, गणेश, पोते लोकेन्द्र और महिलाओं के साथ सब्बल, डंडे से हमला किया है। हमला करने वालों ने आशुतोष के प्लांट पर लगे खंबे उखाड़कर कब्जा करना शुरू कर दिया था। जिसकी जानकारी लगने पर परिवार विरोध करने पहुंचा था। आशुतोष का आरोप था कि हमले के बाद पुलिस को कॉल किया गया था लेकिन काफी देर तक पुलिस नहीं पहुंची। परिवार ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। हमले में घायल नानी मिलने आई थी, विवाद होने पर वह भी बीच-बचाव में घायल हुई है। परिवार का आरोप था कि बड़े पापा ने पूर्व में खेत पर भी कब्जा करने का प्रयास किया था, उस दौरान विवाद हुआ था, लेकिन बाद में समझौता हो गया था। प्लाट 35 बाय 50 का है। जिस पर उनकी नजर है।

### सार्थक ओलंपिक के सेमीफायनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**उज्जैन।** सामाजिक समरसता और स्वस्थ जीवनशैली के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय सार्थक ओलंपिक 2026 के दूसरे दिन खेल प्रतियोगिताओं के रोमांच के साथ पर्यावरण जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। दूसरे दिन कबड्डी, क्रिकेट, वाटर वॉलीबॉल और महिला फुटबॉल के सेमीफायनल मुकाबले खेले गए। इसमें खिलाड़ियों ने खेल भावना और उत्कृष्ट टीमवर्क का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजन में मुख्य अतिथि मप्र हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन और उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा थे।

2 7 0

---

यातायात नियमों का उल्लंघन करने और खुद के साथ लोगों की जान जोखिम में डालने पर कार्रवाई

# महंगी पड़ी स्टंटबाजी, पुलिस ने ठोका जुर्माना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




**सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वीडियो**

हरिफाटक ब्रिज पर कार सवार युवकों को स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों के बाद नीलगंगा पुलिस ने युवकों को हिरासत में ले लिया। जिनके खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने और खुद के साथ लोगों की जान जोखिम में डालने पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि हरिफाटक ब्रिज से गुजरती कार क्रमांक एमपी 13 सीई 0723 का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसमें एक युवक कार चला रहा था और दूसरा स्टंटबाजी करता हुआ कार की छत पर लेटा हुआ था। ब्रिज पर महाकाल मंदिर आने-जाने वाले देशभर के श्रद्धालुओं का आगमन होता है। कार सवार युवकों द्वारा स्टंटबाजी करते हुए आमजन की जान को जोखिम में डाला जा रहा था, वहीं खुद के लिये उनकी करतूत खतरनाक साबित हो सकती थी। दोनों के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन भी किया जा रहा था। वायरल वीडियो के आधार पर कार नम्बर ट्रेस किया गया और रविवार को आजादनगर के रहने वाले हेमेन्द्र पिता विजयसिंह पाटीदार और अर्थव पिता नितेश पाटीदार निवासी पार्श्वनाथ सिटी को हिरासत में लिया गया। छत पर हेमेंन्द्र लेटा हुआ था, कार अर्थव चला रहा था।

दोनों को नियमों का पाठ पढ़ाया गया तो कान पकड़कर कहने लगे कि आगे से ऐसा नहीं करेगें। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों के खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने और आमजन की जान को जोखिम में डालने के मामले में 3 हजार रुपए जुर्माने की कार्रवाई की गई है। दोनों हिदायत देकर छोड़ा गया है। विदित हो कि शहर में तीन और चार पहिया वाहन चालकों द्वारा खुद के साथ आमजन की जान को जोखिम में डाल वाहन दौड़ाये जा रहे है। पूर्व में भी पुलिस ऐसे चालकों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। बावजूद शहर के मार्गो पर आये दिन ऐसे नजारे दिखाई दे रहे है। जिनके वीडियो सोशल मीडिया पर वारयल होने पर पुलिस के संज्ञान में आ रहे हैं।

## रेलवे स्टेशन पर शाजापुर के युवक को चाकू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



**आरपीएफ ने कराया भर्ती, हालत गंभीर**

रेलवे स्टेशन पर रात में शाजापुर के युवक को चाकू मार दिए गए। लहूलुहान हालत में घायल आरपीएफ थाने तक पहुंचे। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। मामले की जांच जीआरपी को सौंपी गई है। सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे जा रहे हैं।

आरपीएफ एसआई यशपाल सिंह ने बताया कि रात में एक युवक लहूलुहान हालत में थाने तक पहुंचा और चाकू मारने की बात कही उसकी हालत काफी गंभीर दिखाई दे रही थी उसे तत्काल उपचार के लिए चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्रारंभिक पूछताछ में उसका नाम दीपक पिता इंदर सिंह 28 साल निवासी महूपुरा शाजापुर होना सामने आया। वह सिर्फ इतना ही बता पाया था कि उसे पुरानी रंजिश में चाकू मारे हैं। हालात गंभीर होने की वजह उसे तत्काल भर्ती किया गया। मामले की जांच जीआरपी को सौंपी गई है। एसआई यशपाल सिंह के अनुसार घायल रेलवे स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म की ओर आया था। प्लेटफार्म के बाहर परिसर में पहले लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जा रहे हैं फिलहाल परिसर में कहीं कोई चाकूबाजी होना सामने नहीं आया है। प्लेटफार्म पर लगे कैमरो को भी देखा जा रहा है। घायल की हालत में सुधार होने और जीआरपी द्वारा बयान दर्ज किए जाने के बाद ही उसके साथ हुई घटना स्पष्ट हो पाएगी।

## सोमवती अमावस्या आजः पुलिस अधीक्षक पहुंचे रामघाट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी में आज सोमवती अमावस्या का नहान करने देशभर से श्रद्धालु मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी के रामघाट स्थित सोमकुंड पहुंचेगें। श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए रविवार को एसपी रामघाट और सोमकुंड का जायजा लिया।

सोमवती अमावस्या और शनिचरी अमावस्या का धार्मिकग्रंथों में विशेष उल्लेख है। बाबा महाकाल की नगरी में दोनों अमावस्या का नहान महत्वपूर्ण माना गया है। आज सोमवती अमावस्या होने पर रविवार से ही श्रद्धालुओं का धार्मिक नगरी में पहुंचा शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए एसपी प्रदीप शर्मा शाम को क्षिप्रा नदी के रामघाट पहुंचे और सोमकुंड का निरीक्षण किया। उन्होने घाटों पर श्रद्धालुओं के नहान, दर्शन और आवागनम को लेकर महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल को दिशा निर्देश जारी किये। यहीं नहीं सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन के साथ आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए ड्युटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार, निगरानी और सहायता के निर्देश जारी किये। रात में ही श्रद्धालुओं का रामघाट पहुंचना शुरू हो गया था। सोमकुंड पर फव्वारा स्नान की व्यवस्था की गई है।

### पुराने शहर में जाम के हालत

शनिवार-रविवार का अवकाश होने पर देशभर से श्रद्धालु महाकाल मंदिर के दर्शन के लिये उज्जैन पहुंचे है। वहीं आज सोमवती अमावस्या होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर प्रदेशभर के अंचलों से श्रद्धालुओं का पहुंचा एक दिन पहले ही शुरू हो गया था। जिसके चलते रविवार शाम पुराने शहर के अधिकांश मार्गो पर जाम के हालत बने हुये थे। सिंहस्थ निर्माण कार्यो के चलते महाकाल मंदिर और रामघाट जाने वाले मार्गो पर काफी भीड़ दिखाई दे रही थी।

## गिरफ्त में आया नाबालिग का पीछा करने वाला बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




कुछ माह से बदमाश नाबालिग का पीछा कर रहा था। 2 दिन पहले उसने नाबालिग को धमकाया और शादी करने का दबाव बनाया। नाबालिग की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। बदमाश चाकू के साथ गिरफ्त में आया है।

तराना थाना एसआई हरिराम अंगोरिया ने बताया कि 11 जून को कस्बे में रहने वाली नाबालिग ने परिजनों के साथ थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि कुछ महिनों से बजरंग कालोनी में रहने वाला कुंदन पिता प्रेमगिरी उसका पीछा कर रहा था। आज रास्ता रोका शादी करने का दबाव बनाने लगा और कहा कि कहीं ओर शादी की तो जान से मार दूंगा। मामला नाबालिग से जुड़ा और गंभीर होने पर तत्काल धारा 78 (1), 351 (3) बीएनएस और 11/12 पॉक्सो एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी कुंदन की तलाश शुरू की गई। जिसे शनिवार शाम गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के पास से चाकू भी बरामद हुआ है। एसआई अंगोरिया के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में मारपीट और आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज होना सामने आये है। फिलहाल नाबालिग की शिकायत पर गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

रेलवेकर्मी का कई टुकड़ों में मिला शव

## ट्रेन के सामने लगाई छलांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



उज्जैन। रेलवे कर्मी ने रविवार दोपहर मोबाइल से वीडियो बनाने के बाद वायरल किया और ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। ट्रेन ड्रायवर से सूचना मिलने के बाद रेलवे अधिकारियों ने पुलिस को अवगत कराया। पटरियों से मृतक के टुकड़े एकत्रित करने के बाद पुलिस अस्पताल लेकर आई। वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है।

नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावड़ी में रहने वाला भगवानदीन पिता कैलाशचंद्र यादव 45 साल रेलवे कर्मचारी था। रविवार दोपहर करछा और माधवपुरा रेलवे स्टेशन के बीच उसने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। ट्रेन की चपेट में आने से उसका शव कई टुकड़ों में बंट गया था। नरवर थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई घटनास्थल पहुंचे और विवेचना शुरू की। इस दौरान सामने आया कि आत्महत्या से पहले उसने मोबाइल से वीडियो बनाया था और वायरल किया था। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक का मोबाइल जप्त किया गया है। फिलहाल मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मृतक रेलवे में गैंगमेन था। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले वायरल वीडियो में उसने कुछ लोगों को लाखों रुपए उधार देने की बात कही और बोला कि उसके रुपए वापस नहीं लौटाये जा रहे है। जिसके चलते परेशान होकर आत्महत्या कर रहा है। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो की जांच शुरू की गई है। परिजनों के बयान दर्ज कर उधार रूपयों लेने वालों की जानकारी जुटाई जायेगी। जिनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जायेगी।

## पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर पुलिस लाईन में लगाये गये 3 दिवसीय शिविर में 50 से अधिक आरक्षकों और अधिकारियों द्वारा स्वैच्छा से रक्तदान किया गया। शिविर में सौ यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। रक्षित निरीक्षक रणजीतसिंह ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर का आयोजन लायंस क्लब उज्जैन क्लासिक और तेजनकर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। पुलिसकर्मियों ने मानव सेवा और जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध करते हुए रक्तदान कर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन किया है। पुलिस विभाग की ओर से संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाजहित और मानव सेवा के प्रत्येक कार्य में अग्रणी भूमिका निभाती है। शिविर आयोजन में सूबेदार स्वाति कामले, लायंस क्लब के संजीव गंगवाल, संध्या श्रीवास्तव, अनुश्रेया श्रीवास्तव, रवींद्र मुले, राजेश श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव के साथ तेजनकर अस्पताल की ओर से बालकृष्ण तेजनकर, अनिश नागर उपस्थित रहे। रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को उनके मानवीय योगदान के लिये प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सड़क चौड़ीकरण की खुदाई के दौरान

## ढाबा रोड पर फूटी मुख्य पेयजल पाइपलाइन

### सड़कों पर बहा हजारों लीटर पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



ढाबा रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान रविवार को गंभीर डैम की ओर से आने वाली 750 एमएम की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से तेज दबाव के साथ पानी सड़क पर बहने लगा, जिससे आसपास के गड्ढे और नालियां पानी से लबालब भर गईं। सड़क पर पानी और कीचड़ फैलने से राहगीरों एवं क्षेत्रीय रहवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**गड्ढों में भरा पानी, राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें-** ढाबा रोड पर इन दिनों सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इसके तहत मकानों के हिस्से हटाने के साथ पुरानी नालियों को तोड़कर सड़क को चौड़ा किया जा रहा है। इसी दौरान मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटते ही बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बहने लगा और खुदाई वाले हिस्सों में भर गया।

**पीएचई अमला पहुंचा मौके पर, शुरू किया मरम्मत कार्य-** घटना की जानकारी मिलते ही (पीएचई) के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया। हालांकि पाइपलाइन फूटने से काफी मात्रा में पेयजल व्यर्थ बह गया।

**लगातार प्रभावित हो रही पेयजल व्यवस्था-** शहर में विभिन्न स्थानों पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान कई बार पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। इससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है और कई क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी के दौर में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है, जिससे जल संकट और गहरा गया है।

### टंकियां नहीं भर पाईं, आज उज्जैन उत्तर में नहीं होगा जलप्रदाय

मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण रविवार को शहर की जलप्रदाय टंकियां नहीं भर सकीं। इसके चलते सोमवार को उज्जैन उत्तर क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं किया जाएगा। नगर पालिका निगम के पीएचई विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार पाइपलाइन का मरम्मत कार्य जारी है इस कारण आज सोमवार 15 जून 2026 को उज्जैन उत्तर क्षेत्र में जलप्रदाय नहीं किया जा सकेगा। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वह आवश्यकता अनुसार पानी का संग्रह कर ले तथा जल का उपयोग सावधानी पूर्वक करें।

### पहले भी फूट चुकी है पाइपलाइन

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व भी ढाबा रोड पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी। उस समय भी बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हुआ था और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित हुई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com